शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 185 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 31 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भारत का दूसरा पदक, सरबजोत के साथ कांस्य जीत मनु ने रचा इतिहास

## ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं मनु भाकर, पीएम मोदी ने की बधाई



**नई दिल्ली**

मनु भाकर मंगलवार को एक ही ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली भारतीय महिला बन गईं, जब उन्होंने पेरिस ओलंपिक में दक्षिण कोरिया को 16-10 से हराकर 10 मीटर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ कांस्य पदक जीता। उन्होंने इससे पहले 2024 पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला था। मनु भाकर से पहले नॉर्मन प्रिचर्ड ने 1900 के ओलंपिक खेल में एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि तब भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था। जबकि मनु ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बनीं हैं। प्रिचर्ड के बाद (आज से पहले) कोई भी भारतीय एथलीट एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने में कामयाब नहीं हुआ था। वैसे कुछ भारतीय एथलीट हैं जिन्होंने अपने करियर में ओलंपिक खेलों में दो पदक जरूर जीते हैं। इनमें सुशील कुमार (कुश्ती) और पीवी सिंधू (बैडमिंटन) शामिल हैं। सुशील कुमार ने लंदन 2012 में रजत पदक और उससे पहले बीजिंग 2008 खेलों में कांस्य पदक जीता था। इसी प्रकार बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू ने रियो ओलंपिक में रजत पदक और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था।

**ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम पेरिस पहुंची**

भारतीय एथलेटिक्स टीम मौजूदा पेरिस ओलंपिक 2024 में ट्रैक और फील्ड स्पधाओं से पहले मंगलवार को पेरिस पहुंची। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर पेरिस के हवाई अड्डे पर एथलेटिक्स टीम के पहुंचने एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, "भारतीय एथलेटिक्स टीम पेरिस में पहुंची।," पेरिस 2024 ओलंपिक में एथलेटिक्स में भारत की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

## पेरिस ओलंपिक: भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-0 से हराया



**पेरिस**

हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को यवेस-डु-मनोइर स्टेडियम में आयरलैंड को 2-0 से शिकस्त दी। पेरिस 2024 ओलंपिक के पूल बी में भारत की यह दूसरी जीत थी।

इस जीत से भारत अस्थायी तौर पर सात अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह (11वें, 19वें मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक और फिर पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत के लिए दो गोल किए और अपनी टीम को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। भारत ने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था और फिर अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला था। पिछले दो मैचों के विपरीत, भारत ने आयरलैंड के खिलाफ आक्रामक शुरूआत की और दूसरे मिनट में अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन हरमनप्रीत इसका फायदा नहीं उठा सके।

## पेरिस ओलंपिक बैडमिंटन: ग्रुप स्टेज में अजेय रहे सात्विक-चिराग



**पेरिस**

भारतीय बैडमिंटन युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने ला चैपल एरेना में पेरिस ओलंपिक 2024 बैडमिंटन स्पर्धा के ग्रुप सी में मंगलवार को इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो पर 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। इस जीत ने ग्रुप विजेता के रूप में सात्विक-चिराग की प्रगति पर मुहर लगा दी है। फ्रांसीसी जोड़ी रोनन लाबर और लुकास कोरवी के ग्रुप चरण के दोनों मुकाबले हारने के बाद भारतीय जोड़ी ने पहले ही क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ला चैपल एरेना के कोर्ट 3 पर आयोजित इस मैच में आक्रामक और अथक शैली का प्रदर्शन किया गया जो भारतीय जोड़ी की पहचान बन गई है। भारतीय जोड़ी को अपने असाधारण कौशल और लचीलेपन का प्रदर्शन करते हुए दुनिया की छठे नंबर की इंडोनेशियाई टीम को मात देने में सिर्फ 40 मिनट लगे। पेरिस की भीषण गर्मी और अर्दिएंटो और अल्फियान द्वारा पेश की गई कड़ी चुनौती के बावजूद, भारतीय जोड़ी ने पूरे मैच के दौरान अपना ध्यान और तीव्रता बनाए रखी। उन्होंने दोनों गेमों में शुरूआती बढ़त ले ली, जिसमें एक असाधारण क्षण रंकीरेड्डी के शक्तिशाली स्मैश से आया, जिसने पहले गेम का अंतिम अंक हासिल किया। दूसरे गेम ने स्कोरलाइन के मामले में पहले गेम को प्रतिबिंबित किया, लेकिन इंडोनेशियाई जोड़ी ने बाद के हाफ में भारतीय जोड़ी को कड़ी चुनौती दी। इंडोनेशियाई टीम ने रणनीतिक क्रॉस-कोर्ट ड्रॉप्स और शक्तिशाली ड्राइव का इस्तेमाल किया, लेकिन रैंकीरेड्डी और शेट्टी की बेहतर सजगता और सटीक रिटर्न ने उन्हें अंततः जीत दिला दी।

## सरकार कोचिंग संस्थाओं के लिए निश्चित दिशा-निर्देश लागू करे : विकास दिव्यकीर्ति




**नई दिल्ली**

कानून के उल्लंघन के कारण प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान दृष्टि आईएएस के बेसमेंट को सील किए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को इसके मालिक विकास दिव्यकीर्ति ने कहा कि राजिंदर नगर की घटना को लेकर विद्यार्थियों का रोष पूरी तरह न्यायसंगत है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि कोचिंग संस्थाओं के लिए निश्चित दिशा-निर्देश लागू किये जाएं। संस्थान के प्रमुख विकास दिव्यकीर्ति ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हमें खेद है कि हमने अपना पक्ष रखने में देरी की। उन्होंने कहा कि शनिवार की दुर्भाग्यपूर्ण घटना, जिसमें 3 विद्यार्थियों श्रेया यादव, तान्या सोनी और निविन डाल्विन की असमय व दर्दनाक मृत्यु हुई, पर हम गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंन कहा कि इस दुर्घटना को लेकर विद्यार्थियों में जो रोष दिख रहा है, वह पूरी तरह न्यायसंगत है। बहुत अच्छा होगा यदि इस रोष को सटीक दिशा मिले और सरकार कोचिंग संस्थाओं के लिये निश्चित दिशानिर्देश लागू करे। इस संबंध में हम सरकार के साथ सक्रिय सहयोग करने को तत्पर हैं।

दिव्यकीर्ति ने कहा कि कोचिंग संस्थानों से जुड़ी यह समस्या ऊपर से जितनी सरल दिखती है, उतनी है नहीं। इसके कई पक्ष हैं जिनके तार कानूनों की अस्पष्टता और अंतर्विरोध से जुड़ते हैं। डीडीए, एमसीडी तथा दिल्ली फायर डिपार्टमेंट के नियमों में असंगति है। इसी तरह, 'दिल्ली मास्टरप्लान-2021', 'नैशनल बिल्डिंग कोड', 'दिल्ली फायर रूल्स' और 'यूनिफाइड बिल्डिंग बाई-लॉज' के प्रावधानों में भी काफी अंतर्विरोध है। 'दिल्ली मास्टरप्लान-2021' को छोड़कर किसी भी दस्तावेज में कोचिंग संस्थानों के लिये स्पष्ट प्रावधान नहीं दिये गए हैं। आशा है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नियुक्त समिति जब एक माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी तो उसमें ऊपर लिखे अधिकांश बिंदुओं का समाधान मिल सकेगा।

## केंद्रीय बजट 2024-25 को लोकसभा की मंजूरी

### वित्त मंत्री बोलीं- '2047 तक विकसित भारत बनाना लक्ष्य'



**नई दिल्ली**

**लोकसभा** ने मंगलवार को केंद्र सरकार के 2024-25 के लिए 48.21 लाख करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी। निचले सदन ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बजट को भी ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इनसे संबंधित विनियोग विधेयक भी सदन की ओर से पारित कर दिया गया। बजट बहस का जवाब देते हुए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 2024-25 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद के 4.9 प्रतिशत और 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में बजट की चर्चा का जवाब देते कहा कि हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इस वित्तीय वर्ष में 48.2 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा यह बजट विकसित भारत के लिए है और इसे भौगोलिक विकास के हिसाब से तैयार किया गया है।

**चालू वित्तीय वर्ष में खर्च होंगे 48.2 लाख करोड़ रुपये: निर्मला सीतारमण**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विकसित भारत सरकार का विजन है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में 48.2 लाख करोड़ रुपये खर्च होने जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा, "हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना है। वित्त मंत्री ने कहा कि हम देश में स्थितरता के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं।"

विपक्षी दलों के आरोपों पर बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा, "मैं यह साफ कर देना चाहती हूं कि अगर किसी राज्य का बजट में नहीं लिया गया इसका मतलब यह कतई नहीं है कि उस राज्य को पैसे जारी नहीं किए गए। विपक्ष को लोगों के बीच ऐसी गलत धारणा नहीं बनानी चाहिए।"

## झारखंड के टाटानगर के पास चक्रधरपुर में फिर रेल हादसा

**नई दिल्ली**

**इन दिनों** देश में रेल हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। झारखंड के टाटानगर के पास चक्रधरपुर में फिर रेल हादसा हो गया।

हावड़ा से मुंबई जा रही हावड़ा-सीएसएमटी मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए है। इस हादसे में कम से कम दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि इस रूट पर दो दिन पहले एक मालगाड़ी भी पटरी से उतरी थी। आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 14 महीनों में चार बड़े रेल हादसे हुए हैं, जिसमें 320 से ज्यादा यात्रियों ने अपनी जान गंवाई है।

**पटरी से उतरने के कारण 70% रेल हादसे!**

दरअसल, भारतीय रेलवे से हर दिन एक लाख किमी से अधिक फैले देशव्यापी ट्रेक नेटवर्क पर करीब ढाई करोड़ यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाती है। साल 2019-20 के लिए एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना जिम्मेदार था, जो पिछले वर्ष 68 फीसदी से अधिक था।

## बांग्लादेशियों के कारण आदिवासियों को खोजना पड़ जायेगा : भानु प्रताप



**रांची**

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन में भानुप्रताप शाही ने कहा कि 1951 में 46 फीसदी आदिवासियों की आबादी थी। अब यह घटकर 22 फीसदी रह गई है। मुस्लिमों की संख्या बांग्लादेशियों के कारण बढ़ी है। आनेवाले समय में आदिवासियों को खोजना पड़ेगा। आदिवासियों की घटती संख्या चिंता की बात है राजनीति की नहीं। भानुप्रताप शाही सदन में अनुपूरक बजट पर लाये गए कटौती प्रस्ताव के समर्थन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकतर मंत्री टी शर्ट पहन कर आए थे कि 1932 लागू किया जाएगा।

## धर्मेंद्र प्रधान ने एनएटीएस 2.0 पोर्टल लॉन्च किया



**नई दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता और प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया और डीबीटी मोड के माध्यम से प्रशिक्षुओं को 100 करोड़ रुपये का वजीफा वितरित किया। धर्मेंद्र प्रधान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनएटीएस पोर्टल 2.0 अप्रेंटिसशिप को लोकतांत्रिक बनाने, कौशल अंतर को पाटने, युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज लॉन्च किया गया पोर्टल अप्रेंटिसशिप के अवसरों की पहुंच को व्यापक बनाएगा और उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच तालमेल बिठाने में मदद करेगा। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि यह तकनीक-संचालित युग केवल डिग्री हासिल करने के बारे में नहीं है, बल्कि दक्षताओं का निर्माण करने के बारे में भी है। उन्होंने कहा कि हमारे पाठ्यक्रम में रोजगार कौशल बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस साल के बजट में भी कौशल और रोजगार को बढ़ावा देने पर बहुत जोर दिया गया है।

## झारखंड सरकार के संरक्षण में मतांतरण का खेल जारी : बाबूलाल



**रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य की झामुमो कांग्रेस सरकार के संरक्षण में मतांतरण का खेल बड़े पैमाने पर जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार चुप है। प्रशासन मौन धारण किए हुए है। जनता परेशान है और झारखंड में मतांतरण को रोकने का नहीं कोई समाधान है। मरांडी ने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार में मतांतरण के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। झारखंड में जबरन धर्म परिवर्तन कराना एक प्रथा बन गई है। वोटबैंक की राजनीति करने के लिए एक खास समुदाय को हेमंत सरकार ने हिम्मत दे रखी है, डराने की, धमकाने की और जान लेने की। धनवार प्रखंड के गुआखंडहर ग्राम से ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां विकास रविदास और उनकी पत्नी को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए विवश किया जा रहा है। मना करने पर राज्य सरकार के संरक्षण में पल रहे गुंडों द्वारा घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की जा रही है, जातिसूचक गलियां दी जा रही है।

## गरीबों को ठगने वाले भूमाफिया समाजवादी पार्टी से जुड़े लोग: सीएम योगी



### अकबरनगर में अवैध कब्जों पर सरकार की कार्रवाई पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में दिया जवाब

**लखनऊ**

लखनऊ के अकबरनगर इलाके में प्रदेश सरकार द्वारा अवैध कब्जेदारों पर की गई बुलडोजर कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में जवाब देते हुए एक बार फिर समाजवादी पार्टी को कठघरे में खड़ा किया। मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पंत नगर और इंद्रप्रस्थनगर की कार्रवाई को हमने स्थगित करवाया है। लेकिन अगर आप देखेंगे तो गरीबों को ठगने वाले जितने भी भूमाफिया हैं, उनमें से ज्यादातर समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए लोग ही थे। साथ ही, सीएम योगी ने ये भी कहा कि इंद्रप्रस्थनगर और पंत नगर में जिन लोगों ने लाल चिन्ह लगाए हैं, उन्होंने यह किस नीयत से किया है इसकी पूरी रिपोर्ट हमने तलब की है। अगर किसी ने गलत नीयत से किया होगा तो उसकी जवाबदेही भी तय होगी, लेकिन अगर सावधानीवश केवल चिह्नित करने के लिए किया गया है तो यह कुकरैल नदी के पुनर्व्यवस्थापन के लिए लोगों को सावधान करने के लिए है।

**अकबरनगर अब सौमित्र वन बन गया**

सीएम योगी ने लखनऊ से विधायक रविदास मेहरोत्रा के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आप लखनऊ के इतिहास को जानते होंगे। लखनऊ में गोमती और कुकरैल नदी का संगम भी था। अकबरनगर 1984 के बाद से ही बसा है। इसमें ज्यादातर अवैध निर्माण था और यही कारण था कि यह हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी टिक नहीं पाया। जिन लोगों को गलत तरीके से फर्जी कागजात दिखाकर रजिस्ट्री की थी, उन लोगों को हमने रिहैबिलिटेट किया है।

## किरण चौधरी की सदस्यता रद्द करने के लिए कांग्रेस के दो विधायकों ने दायर की याचिका



**चंडीगढ़**

भाजपा में शामिल हो चुकी तोशाम से कांग्रेस विधायक किरण चौधरी की विधानसभा से सदस्यता रद्द कराने के लिए कांग्रेस ने एक बार फिर मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के समक्ष याचिका दायर की है। इस बार कांग्रेस विधायक मेवा सिंह और इंदुराज नरवाल ने याचिका दायर करते हुए किरण चौधरी के खिलाफ दलबदल निरोधक कानून के तहत कार्रवाई करने की मांग की है इससे पहले कांग्रेस के मुख्य सचेतक भारत भूषण बत्रा और विधायक दल के उपनेता आफताब अहमद ने याचिका लगाई थी, जिसे विधानसभा अध्यक्ष तकनीकी कारणों से खारिज कर चुके हैं। बत्रा व अहमद की याचिका खारिज होने के बाद हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने टिप्पणी की थी कि कांग्रेस विधायकों को याचिका का प्रारूप भी ठीक से लिखना नहीं आता। यदि याचिका लिखने के लिए उन्हें जजपा के कार्यालय सचिव रणधीर सिंह की मदद की जरूरत है तो वे मदद करने को तैयार हैं।

## बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटरों पर लागू होगा जीरो टॉलरेंस पॉलिसी

**वाराणसी।** दिल्ली के कोचिंग सेंटर में बेसमेंट हादसे के बाद वाराणसी विकास प्राधिकरण भी सतर्क हो गया है। मंगलवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर मंथन किया गया। प्राधिकरण सभागार में बेसमेंट में पार्किंग के स्थान पर जारी अवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण एवं मानक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया।

## परिवहन निगम की बसों में जल्द उपलब्ध होगी कोरियर और पार्सल सेवा



**लखनऊ**

योगी सरकार उत्तर प्रदेश में परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों के माध्यम से प्रदेश के लोगों को कोरियर/पार्सल सेवा की सुविधा प्रदान करने जा रही है। इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम और मेसर्स एवीजी लॉजिस्टिक लि. दिल्ली के मध्य पांच वर्षों के लिए अनुबंध किया गया है। इस व्यवस्था को संचालित करने के लिए 9 सितंबर, 2024 तक आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया जाएगा। इस सुविधा का लाभ परिवहन निगम की साधारण व एसी दोनों प्रकार की बसों में मिलेगा। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश में साधारण व एसी बसों को मिलाकर कुल 11000 बसों का प्रयोग इस सेवा के लिए किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से आगरा, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, इटावा, कानपुर रीजन में झांसी सम्मिलित है जहां ज्यादा बुकिंग होने की संभावना है।

उन्होंने कहा है कि यातायात अधीक्षक/निरीक्षक द्वारा मार्ग में यात्री टिकटों के निरीक्षण के साथ लगेज का भी निरीक्षण कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि परिचालक द्वारा अवैध रूप से पार्सल की बुकिंग की जाती है तो दोषी कार्मिकों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि समस्त सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एवं स्टेशन प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि बसों के चालकों/परिचालकों द्वारा निर्धारित बस स्टेशन पर गाड़ी रोक कर कोरियर पार्सल सेवा के प्रतिनिधि से पार्सल बुक कराएंगे तथा बुकिंग रसीद भी प्राप्त करेंगे।

# दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई जख्मी एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने दोनों मामलों में एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के गदियानी गांव निवासी मोहम्मद कय्यूम पुत्र अख्तर अली का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसके घर में ट्यूबवेल से पानी भर दिया। विरोध पर उसे उसके बडे पिता जी हैदर,कौसर अली को मार पीट कर लहुलुहान कर दिए तथा जान से मारने की धमकी भी दिए। मोहम्मद कय्यूम ने मऊआइमा थाने में डाक्टर हीरा मौर्या,अनुज, अनुराग, जीतेन्द्र,सनी, मनीष, सचिन, संतोष पंडित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम कल्याणपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र उमेश चन्द्र का आरोप है कि उसके हिस्से की जमीन को उसके चाचा के लडके जबरियन कब्जा कर रहे थे।मना करने पर मारे पीटे और दौडा लिए। ओमप्रकाश ने मऊआइमा थाने में अंकित यादव, कपिल कुमार, अनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## न्यायालय के आदेश पर तीन के खिलाफ एससी एसटी का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर दलित को मारने पीटने पर न्यायालय के आदेश पर तीन नामजद दो अज्ञातों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चंदी पट्टी निवासी राम निहोर पुत्र राम बचन सरोज का आरोप है कि उसके विपक्षी उसकी जमीन का पावा उखाड़ दिए।मना करने पर जाति सूचक गालियां देते हुए मारे पीटे। थाने में दी गई शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो वह न्याय के लिए न्यायालय में फरियाद लगवाया। न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने राम निहोर की तहरीर पर राम समुझ शुक्ला,रवि प्रकाश शुक्ला,भानु प्रकाश शुक्ला तथा दो अज्ञातों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शिक्षकों के हक एवं अधिकार की मांग पर जिम्मेदार हो जाते है मौन - अवनीश मिश्र

**मेजा।** प्रदेश परिषदीय शिक्षा सुधार के लिए सरकार की कोशिशें जारी हैं। शिक्षकों की नकेल कसने के लिए डिजिटल हाजिरी जैसे सख्त फरमान जारी किए जा चुके हैं।लेकिन ऐसे में शिक्षकों के हक और हित की मांगों पर जिम्मेदार अधिकारी मौन हो जाते हैं। शिक्षकों की पदोन्नति के लिए बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 24 महीने में 24 बार आदेश दिए गए लेकिन जिले स्तर से सूची तक नहीं उपलब्ध कराई गई है। बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेंद्र नारायण तिवारी द्वारा एक बार फिर शिक्षकों की पदोन्नति से जुड़ी सूची मांगी गई है और इसके लिए अंतिम तिथि 27 जुलाई तय की गई है। इस संबंध में शिक्षक नेता अवनीश मिश्र ने कहा कि यह देखना होगा कि सचिव के इस निर्देश को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कितनी गम्भीरता से लेते हैं। शिक्षक नेता ने कहा कि हक की मांग पर जिम्मेदार मौन साध लेते हैं। परिषद द्वारा कुल 24 बार सूची मांगी जा चुकी है, लेकिन बीएसए स्तर से इस मामले में फिलहाल उदासीनता ही बरती गई है। वजह जो भी हो लेकिन पदोन्नति के लाभ से शिक्षकों को वंचित किया गया है। शिक्षक नेता अवनीश मिश्र की मानें तो सरकार परिषदीय शिक्षकों को कोल्हू के बैल की तरह हाँकना चाहती है। रोज नए फरमान आते हैं। शिक्षकों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए जाते हैं लेकिन उनके हक के सवाल पर सब मौन साध लेते हैं।इसका आलम यह है कि शिक्षकों की पदोन्नति बाधित है।इस वजह से उनकी कई तरह की क्षति हुई है।

# समस्याओं का निस्तारण के लिए सांसद व विधायक को ब्लॉको में बैठने की मांग

अखण्ड भारत संदेश





**मांडा।** विकास खण्डों में ग्राम पंचायतो के विकास करने के बजाय ब्लॉक अधिकारियो एवं प्रमुखों का विकास तेजी से हों रहा है। जनता अपनी समस्याओं से अस्त व्यस्त होते हुए नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह व मेजा विधायक संदीप पटेल को महीने के किसी एक दिन ब्लाको पर पहुंचकर जनता की समस्या को सुनकर निस्तारण करने के लिए सक्षम अधिकारी को निर्देशित करे। जहां कि मांडा ब्लॉक में भ्रष्टाचारियों की तूती बोल रही है जो आधे से ज्यादा ग्रामीण अपनी समस्याओं को निस्तारण करने के लिए मांडा ब्लॉक परिसर का चक्कर लगाते रहते हैं समस्याओं का निस्तारण न होने पर कई फरियादी मायूस होकर अपने घर लौट जाते हैं चाहे परिवार रजिस्टर की नकल हो या जन्म मृत्यु प्रमाण के संबंध में कोई जानकारी लेनी हो कोई भी ठीक तरीके से कर्मचारी जवाब नहीं देता ग्रामीणों ने माननीय सांसद जी को मांडा ब्लॉक परिसर में बैठने की मांग की है मांडा क्षेत्र के लोगों ने बताया कि मांडा ब्लॉक में आने वालीं कोई भी योजना की जानकारी कोई भी कर्मचारी नहीं देता जिससे ग्रामीण अपने ग्राम पंचायत व मांडा ब्लॉक का चक्कर लगाते लगाते थक जाता है प्रदेश में अनेकों प्रकार से चलाई जाने वाली योजना का ब्लॉक परिसर में ही पहले से ही बंदर बांट हो जाता है मांडा क्षेत्र के भवानीपुर, सिकरा, भौसरा नरोत्तम, सुरवा दलापुर, साड़ी, खुरमा, कुंदर, दोहथा, महुआरी खुर्द, बदौआ, नेवढ़िया 42, गेरुआडीह आदि क्षेत्रों के ग्रामीणों ने ब्लॉक के कर्मचारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब तक मांडा ब्लॉक में माननीय सांसद उज्जवल रमण सिंह गरीबों का उद्धार नहीं करेगें व आदि समस्याओं को लेकर निस्तारण नहीं करेंगे तब तक मांडा ब्लॉक भ्रष्ट नेताओं के चंगुल से छुटकारा मिलना आसान नहीं होगा।

# प्रकृति की देखभाल एवं संरक्षण सुरक्षा जागरूकता ही हमारी प्राथमिकता : अंकिता खेरा

## सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार में धूमधाम से मनाया गया विश्व प्रकृति आरक्षण दिवस



**मेजा।** सोमवार को सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार मेजारोड में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाने में सक्रिय भागीदारी किया। शिक्षकों ने छात्रों को हमारी प्रकृति माँ पृथ्वी को संरक्षित करने के तरीके के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल अंकिता खेरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल 28 जुलाई को दुनिया भर के लोग प्रकृति संरक्षण को हमारे ग्रह की देखभाल और सुरक्षा के सबसे महान तरीकों में से एक के रूप में मनाते हैं। यह दिन ग्रह के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्वपूर्ण महत्व की याद दिलाता है और हर दिन प्रकृति को बचाने वालों के प्रयासों और सफलताओं को पहचानता है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी धरती माँ हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए इसलिए हमारी प्रकृति की देखभाल करना हमारा मूल कर्तव्य है। इसके अलावा छात्रों को प्रकृति के संरक्षण के लिए किए गए उनके वास्तविक प्रयास के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में स्कूल के प्रबंधक अभिषेक खेरा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रकृति की देखभाल एवं संरक्षण पर विस्तार से चर्चा किया और बच्चों को जागरूक किया।

# एसओजी और दो थानों की फोर्स के हत्थे चढ़े हत्यारे

## एनटीपीसी नहर पुलिया के पास से किया गया गिरफ्तार, 315 बोर का दो तमंचा बरामद




**बारा।** एसओजी (यमुनानगर), बारा और शंकरगढ़ थाने की संयुक्त पुलिस टीन ने धारा 302 में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी एनटीपीसी नहर पुलिया के पास से की गई है। गिरफ्त में आए हत्यारोपियों के पास से 315 बोर का दो तमंचा और कारतूस बरामद हुई है। इसके अलावा पुलिस ने एक बाइक भी कब्जे में ली है। बारा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि धारा 302, 307, 506, 34, 120 बी के मामले में साकेत बिहारी पांडेय उर्फ राजेश पांडेय पुत्र श्यामाकांत पांडेय और आकाश पांडेय पुत्र साकेत बिहारी पांडेय उर्फ राजेश पांडेय (निवासीगण ग्राम भेलांव, बारा) वांछित चल रहे थे।

इनकी तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई थी। मंगलवार को सटीक मुखबिरी पर दोनों हत्यारोपियों को शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के एनटीपीसी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त दो तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों का चालान भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान, एसआई रामाश्रय यादव, अरविंद कुमार, शुभम पिपरैया, टीकम सिंह, नवीन कुमार सिंह, केके पांडेय, रणजीत सिंह, प्रमोद यादव समेत एसओजी यमुनानगर की टीम भी शामिल रही।

## न्यूज झरोखा

### बिजली विभाग की छापेमारी से सोनर का तारा बाजार में मचा हड़कंप



**सिरसा।** मेजा एसडीओ सत्य प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी में सोनार का तारा बाजार में मचा रहा हड़कंप। शाम चार बजे के लगभग बिजली विभाग के सिरसा एसडीओ सत्य प्रकाश मिश्रा, शुकुलपुर जेई राकेश कुमार गुप्ता, औता जेई प्रशांत श्रीवास्तव अधिशाषी गर्ग टीम के साथ सोनार का तारा बाजार में छापेमारी की तो व्यापारियों और रहाइसो में हड़कंप मच गया। एसडीओ अपनी टीम के साथ सबसे पहले घूघा, औता सोनार का तारा बाजार में पहुंचे तो लोग परेशान हो गए। इस दौरानउन्होंने बिजली के बकाएदारों से बिजली बिल की अदायगी अगला करने को कहा। आदायगी न करने पर कार्यवाही किया जाएगा।कई बिजली उपभोक्ताओं के लोड बढ़वा एसडीओ सत्य प्रकाश मिश्रा के साथ जेई राकेश कुमार गुप्ता जेई प्रशांत श्रीवास्तव के अलावा टीजी टू के अलावा संविदा लाइनमैन निहाल शर्मा,अरुण शर्मा,अंकित पांडेय कई बिजली कर्मी मौजूद रहे।

### बोल बम कांवरिया संघ बभनियांव, बैद्यनाथ धाम किया प्रस्थान



**जंघई।** सावन माह में बोल बम कांवरिया संघ बभनियांव के सदस्यगण मंगलवार को बभनियांव गांव से बस में सवार होकर निकले फिर बांबे बाजार जंघई में एकत्रित होकर बोल बम हर हर महादेव के जयकारे के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम प्रस्थान किया। जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन करने हेतु कांवरियों का दल गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के साथ से प्रस्थान किया। आस्था व श्रद्धा का मास सावन में कांवरियों द्वारा विंध्यवासिनी देवी विंध्याचल धाम में पूजन अर्चन करके बोध गया हेतु प्रस्थान किया जाएगा। सुल्तानगंज से गंगा स्नान के बाद बाबा का जलाभिषेक करने के लिए जल उठाकर पद यात्रा करते हुए बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। उसके बाद बाबा बासुकीनाथ, राजगीर का दर्शन जलाभिषेक करते हुए वापसी में काशी विश्वनाथ वाराणसी दर्शन करके घर के लिए प्रस्थान करेंगे। विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करते हुए हर हर महादेव के गगनभेदी नारों के साथ भगवा मय कांवरियों ने काफी उत्साह व जोश के साथ घर परिवार गांव के सभी बड़ों का आशीर्वाद स्नेह लेकर प्रस्थान किया।कांवरियों में अध्यक्ष नीशू श्रीवास्तव, मुन्ना उपाध्याय, अश्वनी उपाध्याय, भोला यादव, बबलू उपाध्याय, अनिल उपाध्याय दरोगा, अरविंद सिंह, चुल्ली सिंह, पप्पू पायलट, जितेंद्र गौड़, गुड्डू सिंह, नन्हे सिंह, सनी सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे

### इफको में 6 अगस्त को होगा इम्प्लाइज यूनियन का चुनाव, शाम को जारी होगा परिणाम

**फूलपुर।** इफको फूलपुर इकाई में इफको इम्पलाइज यूनियन का चुनाव छह अगस्त को होगा। चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी पी.के.पटेल ने मंगलवार को बताया की मतदान हेतु नामांकन 31 जुलाई एवं 01 अगस्त को प्रातः 11.30 बजे से अपराह्न 03.30 बजे तक पुराने एच ब्लाक में होगा। वहीं एक अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच के बाद उसी दिन वैध उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन होगा । तत्पश्चात 02 अगस्त को नाम वापसी के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आवंटन एवं सूची का प्रकाशन का कार्य किया जाएगा। चुनाव अधिकारी ने बताया की मतदान 06 अगस्त को सुबह साढ़े छह बजे से अपरान्ह साढ़े तीन बजे तक कैन्टीन हॉल में कराया जाएगा। मतगणना 06 अगस्त सायं 04.00 बजे से किया जाएगा तथा चुनाव नतीजे 6 अगस्त को ही जारी होंगे। इम्पलाइज यूनियन का चुनाव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त मंत्री (संगठन), संयुक्त मंत्री (प्रचार), कोषाध्यक्ष, सहायक मंत्री, कार्यकारी सदस्य पदों पर होना है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर हुई सम्भव सुनवाई

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, श्री चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा आज दिनांक 30 जुलाई 2024 को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया, जिसमें कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुई। जनशिकायतों के अविलम्ब गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जन सुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त श्री अम्बरीश बिन्द, श्री दीपेन्द्र यादव, उप नगर आयुक्त श्री अनुपम शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत श्री संजय कटियार, मुख्य अभियन्ता श्री सतीश कुमार, जलकल महाप्रबंधक श्री गौरव कुमार, लेखाधिकारी अक्षय कुमार समस्त जोनल अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता निर्माण तथा विद्युत, सचिव नगर आयुक्त तथा अवर अभियन्ता सहित नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### शंकरगढ़ क्षेत्र में संचालित दो अमान्य विद्यालय के खिलाफ कार्यवाही

**शंकरगढ़,प्रयागराज।** खण्ड शिक्षा अधिकारी ने क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे दो अमान्य विद्यालयों को नोटिस देकर बंद करवाया। इस कार्यवाही से शिक्षा माफियाओं में मचा हुआ है। क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अमान्य विद्यालयों के खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी शिव अवतार सिंह ने कार्यवाही किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने क्षेत्र में बगैर मान्यता के अवैध रूप से चल रहे अमान्य विद्यालयों की गहन जांच करवाई। जिसमें को एंड राधे स्कूल ग्राम सीध टिकट तथा सरस्वती शिशु मंदिर भारत नगर बिना मान्यता के संचालित पाए गए। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दोनो विद्यालयों को नोटिस देकर बंद करने का निर्देशन दिया। उसके बाद भी संचालित पाए जाने पर को एंड राधे स्कूल सीध टिकट के ऊपर एक लाख रुपया जुमार्ना लगाया। इसके बाद दोनों विद्यालय बंद कराए गए। इस कार्यवाही से शिक्षा माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।



# बीआरसी जसरा में दिब्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउन्सिलिंग हुई सम्पन्न

**जसरा।** शासन के मंशा के अनुरूप दिब्यांग बच्चों में नये जोश के साथ शिक्षा के प्रति रुझान पैदा करने एवं उनमें जागरूकता लाने को लेकर चलाई जा रही योजना को मूर्त रूप देने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र जसरा में समेकित शिक्षा योजना के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग संपन्न हुई। काउंसलिंग में अभिभावकों से अपील की गई कि सामान्य बच्चों की तरह दिव्यांग बच्चों को भी नियमित रूप से विद्यालय भेजा जाए। जिससे दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। काउंसलिंग बैठक में 85 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया जहां पर उन्हें स्टेशनरी व स्वल्पाहार दिया गया। पेरेंट्स काउंसिलिंग बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जसरा अखिलेश वर्मा द्वारा किया गया। उनके द्वारा अभिभावकों को पाल्यों की समुचित शिक्षा दीक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग छात्र/छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु अभिभावकों को शिक्षा के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता की बात कही गयी। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्पेशल एजुकेटर अरविंद मिश्र व ममता सोनकर द्वारा दिव्यांगता की पहचान, कारण, बचाव के साथ योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यालय सहायक लक्ष्मी सागर , ज्ञानेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी सतीश कुमार कुशवाहा ने किया।

## मेजारोड बाजार में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ होने से मचा हड़कंप एक्शन में आई मेजा पुलिस

**मेजा।** मेजारोड बाजार स्थित एक होटल में सेक्स रैकेट के भंडाफोड़ की सूचना पर हड़कंप मच गया।लोगों की सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने एक को हिरासत में लेकर मेजा थाने ले गई। जहां पुलिस पुछताछ में जुटी हुई है। प्रकरण के संबंध में जब अखंड भारत टीम ने थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय से जानकारी प्राप्त किया तो उन्होंने बताया कि बजरंग दल के कथित कुछ पदाधिकारियों ने डायल-112 पुलिस को सूचना देकर अवगत कराया कि मेजारोड बाजार में स्थित एक होटल में सेक्स रैकेट का धंधा काफी समय से किया जा रहा है जिसकी जानकारी फिलहाल पब्लिकली किसी को नहीं थी। सोमवार को लोगों की सूचना पर पीआरवी 112 तत्काल मौके पर पहुंची और होटल को खंगालते हुए मौके पर मिले एक होटल कर्मी को थाने पर पुछताछ के लिए उठा ले आई है। होटल कर्मी से मेजा पुलिस कड़ाई से पूंछ तांछ कर रही है।

# किसानों को मनाने पहुंचे नायब तहसीलदार, नहीं बनी बात

## भारतीय किसान यूनियन (किसान) का बारा तहसील में प्रदर्शन जारी




**बारा।** चकमार्ग, आम रास्ते, खाद के गड्ढे समेत कई समस्याओं को लेकर किसान यूनियन के पदाधिकारी आज दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरने पर रहे। धरने के प्रथम दिन भारतीय किसान यूनियन (किसान) के द्वारा विभिन्न मांगों के संबंधित ज्ञापन एसडीएम बारा को सौंपा गया था, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि मांगों का समाधान होने तक वह अनिश्चित कालीन धरने पर रहेंगे। किसान यूनियन (किसान) के अनिश्चित कालीन धरने के दूसरे दिन नायब तहसीलदार राकेश यादव धरनास्थल पर पहुंचे और किसान नेताओं से बातचीत की और समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। पर, किसानों ने नायब तहसीलदार की एक नहीं सुनी। धरनारत किसान नेताओं ने कहा, जब तक दस सूत्रीय मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। किसान नेताओं के द्वारा दोटूक जवाब मिलने के बाद नायब तहसीलदार वापस लौट गए। आज के प्रदर्शन में प्रमुख रूप से मंडल महासचिव अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी, मंडल महासचिव महिला मोर्चा मनोरमा आदिवासी, मंडल महासचिव युवा मोर्चा भैयाजी मिश्र, जिलाध्यक्ष कृष्णराज सिंह, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा धर्मेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष बारा प्रतीक सिंह, कुलदीप यादव, अरविंद यादव, मुन्नी देवी, राजकली, उपाध्याय, सुखलाल आदिवासी, सूर्यभान आदिवासी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# इम्पीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन



**मऊआइमा।** इम्पीरियल स्कूल आफ एक्सीलेंस मऊआइमा में मंगलवार को स्कूल प्रांगण में आयोजित हुए कार्यक्रम में हाउस मास्टर एवं मिस्ट्रेस को भी चुना गयोकार्यक्रम की अगली कड़ी में हेड बॉय के रूप में मोहम्मद शम्स एवं हेड गर्ल हरीम फातिमा अब्बासी, स्पोर्ट्स कैप्टेन श्रेय मिश्रा, स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन नैना, कल्चरल हेड अरीबा खान, वाइस कल्चरल हेड हलीमा सदिया , हेड डिसी प्लिनेरियम अरशद फुजैल,असिस्टेंट डिसी प्लिनेरियन अभिचल यादव को चुना गया। हेड प्रीफेक्ट शाजिब आफताब , वाइस हेड प्रीफेक्ट नाजिया यूनुस , ग्रीनहाउस कैप्टन अलीम अहमद सिद्दीकी, वाइस कैप्टन रुशिफा गुलाम, जूनियर वाइस कैप्टन गुलाम कादिर, रेड हाउस कैप्टन अमान जुलकरनैन, वाइस कैप्टन रगद अंसारी, जूनियर वाईस कप्तान अभिनव कुमार , येलो हाउस कैप्टन मोहम्मद अन्सब, वाइस कैप्टन जैनब हाश्मी,जूनियर वाइस कैप्टन अभिचल यादव, ब्लू हाउस कप्तान माशूक अहमद, वाइस कैप्टन मरियम अहमद, जूनियर वाइस कैप्टन अबुजर गफ्फारी को चुना गया तथा साथ में राज नंदनी, प्रखर सिंह, तिमी यादव, जागृति पटेल, रूद्र यादव, रूद्र प्रताप सिंह, सूर्यांश,प्रीतेश कुमार, अभी कुशवाहा, सक्षम मौर्या, उत्कर्ष प्रांजल, अंश गुप्ता, स्मिता पटेल, जनेंद्र प्रताप सिंह, परी सोनी, माहि सिंह आदि को भी बैच प्रदान किया गया` सभी छात्रों को विद्यालय के डायरेक्टर नूरुद्दीन सैफी ने बैच लगाकर बच्चों को पदभार दिया तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या इवेंजलिन विल्सन ने बच्चों को धन्यवाद देते हुए प्रतिज्ञा दिलवाई इस दौरान विद्यालय के उप- प्रधानाचार्य उपेंद्र राय, अब्दुल बासित, कुलदीप सिंह, कोपल जयसवाल, शाजिया खानम, श्वेता शालिनी, सना अहमद, और समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एंव विद्यार्थी मौजूद रहे।

# एसबीआई बैंक का शाखा प्रबंधक स्टेट गवर्नमेंट का अफसर जैसे रुतबा

## एसबीआई बैंक मैनेजर के ,विरुद्ध कोई कार्रवाई न होने से बैंक मैनेजर का हौंसला बुलंद




**कोरांव।** कोरांव नगर में स्थित एसबीआई की शाखा में बैंक कर्मियों की मनमानी व तानाशाही अभद्रता पूर्ण व्यवहार से आजीज आयें खाता धारकों ने शाखा प्रबंधक को हटाने को लेकर एसबीआई के चेयरमैन व जिलाधिकारी प्रयागराज से कार्यवाही और ट्रांसफर की मांग की है। चर्चा है कि एसबीआई बैंक के बडे खाताधारक, श्याम डेंटल क्लीनिक के डॉ धनंजय सिंह ने कार लोन के लिए शाखा में अप्लाई किया। जहा पर शाखा प्रबंधक विवेक कुमार चौधरी ने अपनी मनमानी का डंका बजाते व धौंस दिखाते हुए कहा कि अगर हम नहीं चाहेंगे तो आपको एस बी आई से लोन नहीं मिलेगा। खाताधारक से लोन के एवज में कमीशन की भी बात कही गई। जब कमीशन देने से इंकार किया गया तो वहीं मैनेजर ने लोन के सारे सम्पूर्ण कागजी दस्तावेज पर कट का चिन्ह लगाकर फाइल रिजेक्ट कर दिया। वहीं इसकी शिकायत खाताधारक डॉ धनंजय सिंह ने तत्काल एसबीआई के उच्च अफसरों से की तों आर एम ने संवेदना जताते हुए आश्वासन दिया कि हम आपके फाइल को दिखवाते है। लेकिन अब क कुछ पता नहीं चला। ऐसा नहीं है कि इस भ्रष्ट शाखा प्रबंधक के करतूत के बारे में इन उच्च अधिकारीयों को नहीं पता सब कुछ जानकारी होते हुए हिला हवाली करने में जुटे हुए हैं। पूर्व में भी इस कथित बैंक शाखा प्रबंधक भ्रष्ट की शिकायत इन अधिकारियों के पास पहुंची है लेकिन कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं। खाताधारकों ने इस बैंक मैनेजर से तंग व परेशान होकर मायूस लौट जाते हैं क्योंकि खाताधारको ने बताया कि अगर कोई कार्य कों लेकर अगर इनके पास जाते हैं तो ये खरी खोटी सुनाते है क्या तुम्हारे बाप का नौकर हूं जाओ बाद में आना इस तरह कि भाषाओं का प्रयोग कर खाताधारको कों बैंक से भगा देते है,फिलहाल उक्त बैंक शाखा में खातेधारकों के साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार से काफी खाते धारक खाता बंद कर चुके हैं। जाना और खाता संचालन रखना खोलवाना पसंद नहीं कर रहे। अन्य बैंको में भीड़ लगने लगी।

# मंत्री नंदी के बेटे-बहू का आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण एक्सीडेंट







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के बेटे और बहू की मर्सिडीज कार का एक्सीडेंट हुआ है। कन्नौज में एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। नंदी की बहू की नाक पर गंभीर चोट आई है।हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही जिले के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें दूसरी गाड़ी से लखनऊ भेज दिया गया। 11 जुलाई को ही नंदी के बेटे की शादी हुई थी। शादी के बाद सीएम योगी भी आशीर्वाद देने पहुंचे थे।

**इंजन कार से अलग होकर दूर गिरा :** नंदी के बेटे अभिषेक और बहू डॉ. कृष्णिका मंगलवार को दिल्ली से लौट रहे थे। कार अभिषेक चला रहा थे। जैसे ही उनकी कार कन्नौज में तिर्वा थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पहुंची, तभी अनियंत्रित हो गई। बेकाबू कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बिजली के 3 खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए। कार से इंजन टूटकर अलग हो गया और दूर जा गिरा।

**20 मिनट बाद पहुंची पुलिस और एंबुलेंस :** आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। करीब 20 मिनट बाद पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार से अभिषेक और कनिष्का को बाहर निकाला। तभी डीएम सुभ्रान्त कुमार शुक्ला भी घटनास्थल पर पहुंच गए। अभिषेक और उनकी पत्नी को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां दोनों का इलाज हुआ। फिर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया।

**मेदांता में इलाज के लिए डॉक्टरों का पैनल बना :** अभिषेक और कृष्णिका को शाम सवा 7 बजे को लखनऊ के मेदांता अस्पताल लाया गया है। एक्सपर्ट डॉक्टरों का एक पैनल उनके इलाज के लिए लगाया गया है। डॉक्टरों ने बताया- दोनों की कंडीशन स्टेबल है। ऐहतियात के तौर पर सीटी स्कैन जैसी कुछ जांचें कराई गई हैं। अगर सब कुछ सही रहा तो कुछ देर बाद उन्हें छुट्टी दी जा सकती है। तब तक दोनों को मॉनिटरिंग के लिए रखा गया है।

प्रत्यक्षदर्शी बोला- 200 की स्पीड में थी कार : एक्सप्रेस-वे पर कार से गुजर रहे एक युवक ने बताया- कार करीब 200 की स्पीड में थी। मेरे सामने कार का बैलेंस बिगड़ा। कार डिवाइडर से टकराने के बाद तीन खंभों को तोड़ते हुए पलट गई। कार पलटते देख आसपास के लोगों ने अपनी गाड़ी रोकी। दोनों लोगों को गाड़ी के अंदर से निकाला गया। उसके बाद एंबुलेंस बुलाई गई। पता चला कि हादसे में घायल दोनों लोग यूपी सरकार में मंत्री नंदी के बेटे-बहू हैं तो डीएम मौके पर आए। दोनों को पानी पिलाया गया। नंदी की बहू की हालत खराब थी। वो बेहोश हो रही थी। उन्हें वहीं रोड किनारे बैठा दिया गया। उसके बाद उनकी गाड़ी हटवाई गई।

## माध्यमिक शिक्षकों ने सौंपा जिला विद्यालय निरीक्षक को 10 सूत्रीय मांगपत्र



**करछना।** प्रयागराज उ० प्र० माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट के प्रदेश व्यापी धरना के दौरान आज जनपद प्रयागराज में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रयागराज ननकेस बाबू के नेतृत्व में दिन में 10 बजे से 1 बजे तक सामूहिक धरना देकर ज्ञापन सह जिला विद्यालय निरीक्षक अजय गिरी को सौंपा गया। ज्ञापन के दौरान संघ के मण्डल अध्यक्ष अभयराज सिंह सहित जिला, तहसील तथा ब्लाक के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन में सम्मान जनक मानदेय वित्तविहीन विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों को दिया जाये, उनकी सेवा नियमावली के साथ मान्यता की धारा बोर्ड परीक्षा की कक्षा 9 व 11 के छात्र के पंजीकरण शुल्क में पिछला से लेकर आज तक का 10 रुपए प्रति छात्र की दर से प्रधानाचार्यों के खाते में डाला जाय, मदरसों को न बंद करके उनके समायोजन की कार्यवाही बंद की जाय, शिक्षा अधिनियम 2009 के तहत गरीब छात्रों को उनके अभिवावकों के खाते में 25 प्रतिशत धनराशि वापस की जाये, तदर्थ शिक्षकों को नियमित कर पुरानी पेंशन बहाल की जाय, धरने के दौरान ह्यजब तक शिक्षक भूखा है ज्ञान का सागर सुखा हैह्न लाल बिहारी यादव जिंदाबाद माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट के नारे लगते रहे। जिलाध्यक्ष ननकेस बाबू ने कहा कि यदि हम सबकी मांगे नहीं पूरी हुई तो लाखों की संख्या में विधान सभा का घेराव करेंगे, जिसकी उत्तरदायी सरकार होगी। धरने के दौरान प्रमुख उपस्थित लोगो में सीता शरण सिंह, फूल चन्द्र कन्नौजिया, भुगाई लाल यादव, अवधेश श्रीवास्तव , बुधराम यादव, अमर बहादुर, शिवमूरत पटेल, शिव मोहन सिंह, अमृत लाल पटेल, त्रिभुवन सिंह, कमल चन्द्र, भारत यादव, प्रेम चन्द्र यादव, रेवती रमण, अवधेश पटेल, पंकज, सर्वेश, अरुण यादव, संजय, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार यादव सहित भारी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### विधायक हर्षवर्धन बाजपेई के जन्मदिन के अवसर पर श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया



**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर उत्तरी के विधायक इंजीनियर हर्षवर्धन बाजपेई का जन्मदिन मंगलवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार सुबह से ही विधायक के जन्मदिन के अवसर पर प्रयागराज के प्रत्येक क्षेत्र से समर्थकों, पार्टी कार्यकताओं, टीम हर्ष बाजपेई के सदस्यों का जमावड़ा उनके रामबाग स्तिथ आवास पर लगा रहा। सभी उनसे मिलकर उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं एवम बधाई दी। शाम को सिविल लाइन्स स्तिथ श्री हनुमत निकेतन मंदिर में श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया तत्पश्चात उपस्थित हजारों लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गयाह। इसके बाद 51 पाउंड का केक विधायक हर्षवर्धन बाजपेई और उनकी माता डॉ रंजना बाजपेई द्वारा काटा गया। इस अवसर पर विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित श्री सुंदरकांड पाठ के विषय मे बताया कि आज जो भी हूं श्री बजरंगबली की कृपा से ही हूं। अपने जन्मदिन के अवसर पर आये हुए सभी लोगो का आभार प्रकट करता हूं । भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि मैं ईश्वर यही प्रार्थना करता हूं कि विधायक हर्षवर्धन बाजपेई हमेशा स्वस्थ रहे मस्त रहे और उनकी लम्बी आयु की कामना करता हूं। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक दीपक पटेल, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पार्षदगण, टीम हर्ष बाजपेई के सदस्य उपस्थित रहे।

### कार्यकारणी गठित हुआ सपथ ग्रहण समारोह



**नैनी।** नैनी श्री विश्वकर्मा धर्मशाला एवं मंदिर कल्याण ट्रस्ट संत नगर अरैल की कार्यकारिणी का चतुर्थ त्रिवर्षीय सामान्य निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें रवि शर्मा अध्यक्ष, राजीव कुमार विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, सरोज विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, निशा विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, सुनीता विश्वकर्मा महामंत्री, जमुना प्रसाद विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष, लता विश्वकर्मा संगठन मंत्री, एवं राज नारायण विश्वकर्मा लेखा परीक्षक पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए। समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर बधाई दी गई।

### ट्रक ने बुजुर्ग को कुचला, दुकान तोड़ते हुए अंदर घुसा, 4 बाइक टूटी, 5 घायल



**प्रयागराज।** प्रयागराज में बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने एक बुजुर्ग को कुचल दिया। सीसीटीवी में दिख रहा है कि ट्रक बुजुर्ग को कुचलते हुए दुकान में घुस गया। ट्रक की चपेट में आने से 5 लोग चोटिल हुए हैं। ट्रक की टक्कर से 4 बाइक भी टूट गईं हैं। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। हादसे में करने वाले बुजुर्ग का नाम 65 वर्षीय प्रकाश पाल है। वह खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के निहालपुर इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कीडगंज पुलिस ट्रक को थाने लेकर आई हैं। ये देखा जा रहा है कि हादसे की वजह क्या है? क्या ट्रक में कोई तकनीकी समस्या आई थी या ड्राइवर की लापरवाही थी।

### पुरानी रंजिश में युवक को मारी कुलड़ी, हालात नाजुक



**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक परिवार के कई लोगों को मार कर घायल कर दिया। कुल्हाड़ी लगने से एक युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आधा दर्शन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोहना गांव निवासी अशोक कुमार भारतीया ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि सोमवार की रात 9 बजे के करीब वह बाजार से लौट रहा था। पुरानी रंजिश के चलते पड़ोस में रहने वाले अमित कुमार के परिवार के लोगो ने हमला कर दिया शोर शराबा सुन कर अशोक कुमार के बेटे, भाई व घर की महिलाएं भी आ गई। आरोप है कि हमलावर कुल्हाड़ी, चाकू, डंडा, सरिया से सभी को मारने लगे। इस दौरान सोनू, रोहित, मोनू, सुनील कुमार ,किरण को छोटे आई। सुनील के सर में कुल्हाड़ी लगने की वजह से हालात गंभीर बताई जा रही।

## बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर : महंत बलबीर गिरी ने किया भूमि पूजन, पीडीए के वीसी भी रहे मौजूद





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महाकुंभ से पहले संगम नगरी की सूरत बदलने वाली है। संगम क्षेत्र में बांध पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर का निर्माण मंगलवार से शुरू किया जा रहा है। इससे पहले मंदिर के महंत बलगिरि गिरि व अन्य संतों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के वीसी अरविंद कुमार चौहान समेत मेला प्राधिकरण के अधिकारी भी इस भूमि पूजन में शामिल रहे। जनवरी माह में शुरू होने जा रहे महाकुंभ को लेकर मंदिर को कॉरिडोर का रूप दिया जा रहा है। प्रयागराज में ऐतिहासिक महाकुंभ के मेले में देश और विदेश से श्रद्धालु आते है। संगम स्नान के बाद लोग हनुमान मंदिर दर्शन के लिए जाते हैं। इस कॉरिडोर निर्माण के लिए स्वीकृति पहले ही मिल गयी थी। मंगलवार को मंदिर में महंत बलगिरि गिरि व अन्य संतों ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण के वीसी अरविंद कुमार चौहान समेत मेला प्राधिकरण के अधिकारी ने भूमि पूजन किया। कार्य के लिए करीब 38 करोड़ रुपए की स्वीकृति हुई है। अधिकारियों ने बताया कि कॉरिडोर निर्माण के क्रम में मंदिर में दो बड़े गेट बनेगे। इसमें एक गेट श्रद्धालुओं के प्रवेश और दूसरा गेट निकासी के लिए होगा। मंदिर के अंदर 10 द्वार अलग से बनाए जाएंगे। मंदिर के अंदर जो दीवारें होंगी उस पर श्री हनुमान जी से जुड़ी आकृतियां भी बनाई जाएंगी। सबसे अहम बात यह है कि मंदिर में भोग और प्रसाद के लिए एक विशेष रसोई घर भी बनेगा। महाकुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि यह भव्य और विशेष कॉरिडोर होगा। इसका कार्य जल्दी पूरा होगा। श्रद्धालुओं के लिए एक पूजा स्थल भी बनाया जायेगा। मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश और निकासी के लिए बड़े रास्ते बनाये जायेंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवकको मौत

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित झूंसी पुलिया के पास मंगलवार की सुबह एक युवक का खून से लथपथ पाया गया। थाना प्रभारी झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है युवक की भी पहचान नही हो पाई है। यह चड्डा पहना था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### सूचना

मेरी पत्नी का नाम त्रुटि वश अभिलेखों में गायत्री देवी हो गया है। जबकि उनका वास्तविक नाम गायत्री सिंह है। उन्हें गायत्री देवी के बजाय गायत्री सिंह के नाम से ही जाना जाय।

**कर्ण सिंह गांव दक्षिणी कोटवा, पोस्ट जमुनीपुर, जनपद प्रयागराज उत्तर प्रदेश**


## कार्यालय ग्राम पंचायत देवहटा विकास खण्ड उरुवा, प्रयागराज

(अल्पकालीन निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत देवहटा विकास खण्ड उरुवा जनपद प्रयागराज में पंचम वित्त एवं 15वाँ वित्त एवं चतुर्थ राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नाली निर्माण, नाली मरम्मत एवं पाइप, खड़जा निर्माण खड़जा मरम्मत कार्य, हैंडपम्प मरम्मत और रिबोर कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र, शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन सफाई किट व सामुदायिक शौचालय, एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एस०एल० डब्ल्यू० एम० तथा सीएससी सेन्टर निर्माण हेतु सामाग्री एवं श्रमांक मिस्त्री व लेबर की मजदूरी सहित होने वाले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ईंट, सीमेन्ट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एस०एल० डब्ल्यू० एम०सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त कार्य कोरोना वायरस संबंधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, माक्स, सेनीटाइजर स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन निर्माण, अत्योष्टि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूड़ा गाड़ी/ई- रिक्शा सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 31/7/24 से 0 7.08.2024 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 08.08.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष 2024-25 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

**लाल बहादुर (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत देवहटा, विकास खण्ड उरुवा, प्रयागराज**

**धनंजय यादव ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत देवहटा, विकास खण्ड उरुवा, प्रयागराज**


### स्वर्णकार समाज का महा सम्मेलन कौवा बाजार में 2 अगस्त को

**करछना।** उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज एसोसिएशन एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन जनपद प्रयागराज का जिला स्तरीय महा सम्मेलन का आयोजन दो अगस्त को जगदीश स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेंट कौवा बाजार करछना प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री नंद गोपाल नंदी होंगे तथा विशिष्ट अतिथि में कयी गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे, उक्त सम्मेलन में स्वजातीय बंधुओं को उनकी समस्याओं का आदान-प्रदान किया जायेगा और उनके बिचारो से आगे की रणनीति पर विचार कर निदान किया जायेगा साथ ही महा सम्मेलन में स्वजातीय बंधुओं और समाज सेवियों के अलावा गणमान्य लोगों को सम्मानित किया जाएगा उक्त आशय की जानकारी सुमित कुमार सोनी एवं डॉ दिनेश कुमार सोनी? जिला अध्यक्ष ज्वैलर्स एवं जिला अध्यक्ष स्वर्णकार समाज एसोसिएशन द्वारा जानकारी दी गई और सभी स्वर्णकार समाज के बंधुओं को उक्त सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुच कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागिता सुनिश्चित करें।

## अज्ञात व्यक्ति ने सो रही मां बेटी पर डाला पेट्रोल लगाई आग हालत नाजुक





**सहसों।** सहसों के चकिया घरहरा गांव में आधी रात को घर के बरामदे में सो रही मां बेटी के ऊपर अज्ञात व्यक्ति ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जिससे दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस जांच पड़ताल में लगी है। थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र अंतर्गतच चकिया घरहरा गांव में सोमवार की मध्य रात्रि लगभग सवा बारह बजे घर के बाहर बरामदे में सो रही रानी देवी 38 वर्ष पत्नी राजेश भारतीया ने अपनी चार वर्षीर्या पुत्री मेनका के साथ सो रही थी कि एक अज्ञात बदमाश व्यक्ति ने उनके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे रानी देवी चिल्लाने लगी। चिल्लाने की आवाज सुनकर पास में ही सो रही सास निर्मला देवी व रानी देवी के अन्य पुत्र-पुत्रियां सहित अन्य परिजन भी उठे और कपड़े वगैरा डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक मां पुत्री लगभग 40 फीसदी जल चुकी थी। रानी देवी की सास निर्मला देवी के अनुसार शोर सुनकर एक अज्ञात आदमी जो सफेद रंग का शर्ट पहने हुए था भागते हुए हम सब ने देखा। आनन फानन में परिजनों ने इसकी सूचना पीआरबी पुलिस को देते हुए गंभीर रूप से झुलसी मां पुत्री को लेकर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में इलाज हेतु भर्ती कराया जहां पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि मौके पर पीआरबी पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए वापस लौट गई। घायल रानी देवी के पति राजेश भारतीया भिवंडी महाराष्ट्र में रहकर पावर लूम कारखाने में लूम चलाने का कार्य करते हैं। घटना की जानकारी होने पर राजेश घर के लिए चल दिए हैं। ससुर रामकृपाल की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक वह अज्ञात व्यक्ति कौन था, पेट्रोल डालकर जानलेवा हमला क्यों किया अभी तक कोई भी करण का पता नहीं चल सका है। इस संबंध में थाना प्रभारी सराय इनायत पंकज कुमार राय ने बताया कि ससुर राम कृपाल की लिखित तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। तथा सर्विलांस सहित आसपास सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है।

### 39 साल पुराना डकैती केस...तीनों आरोपियों की सजा बरकार

#### हाई कोर्ट ने लोवर कोर्ट के फैसला को सही बताया; सरकार की अपील खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1985 के डकैती केस में तीन आरोपियों को बरी करने के लोवर कोर्ट फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेन्द्र सिंह की पीठ ने अभियुक्तों को बरी करने के खिलाफ सरकार की अपील पर अपने 44 पृष्ठ के फैसले में कहा-जब हम मुकदमे के दौरान पेश किए गए साक्ष्यों का समग्र दृष्टिकोण लेते हैं ।गवाहों द्वारा बताई गई अभियोजन पक्ष की कहानी की सत्यता का परीक्षण करते हैं, तो हम पाते हैं कि अभियोजन पक्ष आरोपी-प्रतिवादियों के खिलाफ सभी उचित संदेह से परे अपना मामला साबित करने में बुरी तरह विफल रहा है। हाईकोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने 1985 में एक तर्कपूर्ण और विस्तृत आदेश पारित किया था, जिसमें साक्ष्यों और गवाहों के बयानों की गहन जांच करने के बाद आरोपी को बरी कर दिया गया था और सही निष्कर्ष निकाला था कि अभियोजन पक्ष अपने मामले को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। एफआईआर में लगाए गए आरोपों के अनुसार, घटना के दिन, लगभग 9:30 बजे, बुद्धि राम (मृतक) गाजीपुर की ओर जा रहा था, जब राज देव, विक्रमा, राज नारायण, राम आश्रय और राधेश्याम ने उन पर घात लगाकर हमला किया।

## सड़क के खतरनाक गड्ढों ने ले ली एक महिला की जान



**फूलपुर।** फूलपुर थाना अंतर्गत खंसार गांव में मुबारकपुर फूलपुर रोड पर सड़कों में बने बड़े-बड़े गड्ढे में बाईक कूदने से पीछे बैठी महिला की पिच रोड पर गिरकर मौत हो गई। बताया जाता है कि मुबारकपुर की ओर से बाइक सवार पीछे एक 25 वर्षीय महिला को बैठाकर फूलपुर की ओर जा रहा था और मोबाइल से बात भी कर रहा था। इसी बीच सड़क पर बने बड़े गड्ढे में बाइक उछली तो पीछे बैठी महिला सर के बल रोड पर गिरी जिससे उसका सिर फट गया। इस बीच स्थानीय ग्रामीणो की भीड़ जमा हो गई। वहीं बाइकसवार मौके से गायब हो गया। ग्रामीणों का कहना है की महिला लिफ्ट लेकर बैठी होगी तभी बाइक सवार छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों की भीड़ जुटी तो महिलाओं ने देखा की उसके हाथ में सुरेश गुड्डी देवी लिखा था। जबकि नाक कान में स्वर्ण आभूषण की पहचान महिलाओं ने की। प्रधान भानु प्रताप पाल आदि ने थाने पर सूचना दी तो प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार गौतम तथा उप निरीक्षक मोनिस आलम ने पहुंचकर महिला का शव कब्जे में लेकर थाने ले गए। वहां से आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव पीएम हेतु भेज दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत निबैया विकास खण्ड उरुवा, प्रयागराज

(अल्पकालीन निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत निबैया विकास खण्ड उरुवा जनपद प्रयागराज में पंचम वित्त एवं 15वाँ वित्त एवं चतुर्थ राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नाली निर्माण, नाली मरम्मत एवं पाइप, खड़जा निर्माण खड़जा मरम्मत कार्य, हैंडपम्प मरम्मत और रिबोर कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र, शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन सफाई किट व सामुदायिक शौचालय, एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एस०एल० डब्ल्यू० एम० तथा सीएससी सेन्टर निर्माण हेतु सामाग्री एवं श्रमांक मिस्त्री व लेबर की मजदूरी सहित होने वाले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ईंट, सीमेन्ट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एस०एल० डब्ल्यू० एम०सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त कार्य कोरोना वायरस संबंधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, माक्स, सेनीटाइजर स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन निर्माण, अत्योष्टि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूड़ा गाड़ी/ई- रिक्शा सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 31/7/24 से 0 7.08.2024 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 08.08.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष 2024-25 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

**अनिल कुमार रजत (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत निबैया, विकास खण्ड उरुवा, प्रयागराज**

**श्रीमती सविता यादव ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत निबैया, विकास खण्ड उरुवा, प्रयागराज**

# बच्चों व महिलाओं को उपलब्ध कराई जाएं सरकारी सुविधाएंः डीएम

## ससुरालियों ने बहू को मार डाला, रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ससुरालियों ने बहू को प्रताड़ित कर मार डाला। इस मामले में पुलिस ने पति सहित ससुर जेठ, जेठानी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भदवछ गांव निवासी धनश्याम बर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी बहन की शादी बारी खुर्द थाना कंधई के राम मूर्ति के साथ 2008 में किया था, जिसके एक बेटा व दो बेटियां हैं। आरोप है कि पति, ससुर, जेठ, जेठानी आएं दिन किसी न किसी बात को लेकर गाली गलौज व मारपीट करते थे। 25 जुलाई को ससुराल के लोगों ने बहन को मार डाला। इस मामले में पुलिस ने पति सहित ससुर जेठ जेठानी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कन्वर्जेन्स/पोषण समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जनपद स्तरीय कन्वर्जेन्स/पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आपूर्ति पोषाहार, बच्चे के पोषण स्तर में सुधार, एनआरसी प्रगति विवरण, वीएचएसएनडी, खाद्यान्न वितरण सम्बन्धी सूचना, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, पोषण वाटिका आदि के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाये और निरन्तर मानीटरिंग करके सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधायें बच्चों एवं महिलाओं को उपलब्ध करायें।



पोषण समिति की बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण अभियान के तहत कराये जा रहे कार्यो को बेहतर ढंग से कराये, कार्यो में शिथिलता बरती जायेगी तो उनकी जिम्मेदारी तय करते हुये उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में रिपोर्ट के आधार पर पाया गया कि सैम 4000 और मैम 12126 बच्चे चिन्हित किये गये जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उनकी देखभाल के लिये सभी व्यवस्थायें दुरूस्त की जाये। उन्होंने कहा कि बच्चों का चिन्हांकन कर लंबाई, वजन, स्वास्थ्य परीक्षण आदि सही से होना चाहिए। एनआरसी में सैम बच्चों को भर्ती कराया जाये एवं उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाये। उन्होने निर्देश दिये कि पोषण टैड्ढकर पोर्टल पर सभी बच्चों का डाटा ससमय फीड करायें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिये। बैठक में जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी अपने अपने कार्यो एवं दायित्वों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें, कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा के साथ संयुक्त रूप से पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये कहा। उन्होने गोदाम में लगे सील लॉक को देखा एवं सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को मुस्तैदी से तैनात रहने के निर्देश दिये।

# भयहरण नाथ धाम में सावन के दूसरे मंगलवार को भक्तों का रहा रेला

## सामूहिक रुद्राभिषेक व कीर्तन भजन का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में सावन मास के द्वितीय मंगलवार को परम्परागत मेले के नाते भक्तों का रेला लगा रहा। पंक्तिबद्ध दर्शन की सुव्यवस्थित व्यवस्था की सराहना भक्तो व श्रद्धालुओ द्वारा हो रही थी। पुलिस व कार्यकर्ताओ की उतम व्यवस्था रही।

भयहरण नाथ धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया कि थानाध्यक्ष जेठवारा धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में चैकी प्रभारी गणेश पटेल के संयोजन में पुलिस की उत्तम व्यवस्था रही। मुख्य मंदिर के पुजारी भोला नाथ तिवारी सहित सभी मंदिरों के पुजारी सुबह 5 बजे भोले नाथ का अभिषेक करके मन्दिर के कपाट जनता जनार्दन हेतु खोल दिये। वहीं धाम मे बने अस्थाई थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा सभी पॉइंट पर अपनी सेवाएं दी गई। सभी व्यवस्था में मन्दिर व मेला व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी भूमिका निभाई। देर शाम को धाम स्थित श्रीराम मंदिर में धाम की संगीत व कीर्तन मंडली द्वारा सुंदर कांड का पाठ व भजन कार्यक्रम हुआ, जिसमे रामू तिवारी, मदन मौर्य, धोनू सिंह आदि शामिल रहे। वहीं झूँसी प्रयागराज के सिद्ध संत सर्वेश जी महाराज के संरक्षण में सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन आचार्य कार्तिकेय शास्त्री द्वारा संरक्षक लालता प्रसाद मिश्र के संयोजन में जारी रहा जिसमे उमेश अग्रहरि, बटुक अग्रहरि, संदीप अग्रहरि, राम कृष्ण अग्रहरि, प्रभात सिंह, सुशील मिश्र, संजय गुप्ता आदि ने प्रतिभाग किया। देर शाम तक भक्तो का आगमन जारी रहा।



भयहरणनाथ धाम में सामूहिक रुद्राभिषेक करते श्रद्धालुगण।

## पुरानी रंजिश में महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

**पट्टी प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने महिला को लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया पीड़िता की तहरीर पर कधंई पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कधंई थाना क्षेत्र के तिवारीपुर कला गांव निवासी शैल कुमारी पत्नी चंदन शर्मा को दो लोगों ने बीच-बचाव करने आए हरिओम शर्मा तथा दीपिका शर्मा को लाठी डंडे से पिटाई कर दी। शैल कुमारी के परिवार के हरिओम शर्मा ने विपक्षी का कोई वीडियो बना लिया था उसे शोसल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी थी जिस पर विपक्षियों ने डिलीट करने को कहा वीडियो वायरल करने से मना करने पर बातचीत हुई देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट हुई शैल कुमारी की तहरीर पर कंधई पुलिस ने दो के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सदर तहसील में अधिवक्ताओं ने की एसडीएम के विरुद्ध नारेबाजी

## एसडीएम को हटाये जाने की जिलाधिकारी से मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर तहसील में आज भी अधिवक्ताओं द्वारा एसडीएम सदर के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। बता दें कि सदर तहसील के अधिवक्ता एसडीएम के दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर आंदोलन कर रहे हैं। अधिवक्ताओं के आंदोलन से तहसील का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

तीन दिन पहले जिला कचहरी के निबंधन कार्यालय पहुंचे एसडीएम सदर को घेरकर उनके विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई थी। यहां से उन्हें वापस लौटना पड़ा था। तहसील के अधिवक्ताओं के साथ कचहरी के भी अधिवक्ता एसडीएम के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि जब तक एसडीएम सदर को हटाया नहीं जाता, अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी संजीव रंजन से मिलकर उन्हें यहां से हटाये जाने की मांग की है। जब तक एसडीएम हटाये नहीं जाते, तब तक अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा।



सदर तहसील में एसडीएम के विरुद्ध नारेबाजी करते अधिवक्ता।

## व्यापारी सम्मेलन आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने बताया कि 31 जुलाई को शाम छह बजे से गोपी गार्डेट गेस्ट हाउस में कटरा गुलाब सिंह बाजार व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं व्यापारी भाइयों द्वारा एक व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री रमेश चन्द्र अग्रहरि रहेंगे।

## ई रिक्शा की टक्कर से बाइक दो सवार युवक घायल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के लवेदा गांव के रहने वाले हरिकेश निषाद अपने चाचा के बेटे मुकेश को प्रयागराज जाने के लिए पट्टी कस्बे में बस पर बैठाने के लिए बाइक से छोड़ने जा रहा था। इस दौरान बाईपास स्थित सांची पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा था कि अचानक ई-रिक्शा सामने आ गया जिससे बाइक और ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां पर दोनों का उपचार चल रहा है।

# मांगों को लेकर डीएम कार्यालय पर सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने दिया धरना

### सात अगस्त को मण्डलायुक्त कार्यालय पर धरना देने की चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष इं शिव पूजन की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन कर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मंत्री को प्रेषित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा गया। समस्याओं के समाधान न होने पर सात अगस्त को मण्डलायुक्त कार्यालय पर धरना देने की चेतावनी दी गई।

संघ के जिला सचिव रवि शंकर सिंह ने कहा कि मुख्य सचिव द्वारा चयन वर्ष 2024-25 तक की पदोन्नतियों 30 सितम्बर तक करने का निर्देश प्रसारित किया गया है जबकि जूनियर इंजीनियर्स का 2022-23 व 2023-24 तक का ही प्रकरण प्रमुख अभियंता परियोजना द्वारा वर्षों से द्वेषभाव के अन्तर्गत इरादतन लम्बित बनाये रखा गया है। इसके विपरीत प्रमुख अभियंता परियोजना के स्वयं सहित विभाग में जूनियर इंजीनियर्स को छोड़कर सभी संवर्गों की पदोन्नतियों हो चुकी है और निरन्तर हो भी रही है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा व नीति के विपरीत जूनियर इंजीनियर्स के स्थानान्तरण हेतु प्रमुख अभियंता द्वारा गलत सूची बनायी गयी जो कि ना तो जूनियर इंजीनियर्स की विभाग में निर्धारित ज्येष्ठता के आधार पर है और ना ही कार्यरत अवधि के आधार पर है। उन्होंने कहा कि 22 सूत्री समस्याओं तथा प्रमुख अभियंता परियोजना की इस संवर्ग के प्रति द्वेषभावपूर्ण एवं शासनादेशों की अवहेलना कर की जा रही। इस मौके पर रवि शंकर सिंह, अभयराज यादव, मनोज वर्मा, राजूकान्त चैधरी, रमाशंकर भट्ट, कुमारी कोमल, श्रीमती पूर्णिमा, अरविन्द सिंह यादव, राजकुमार कश्यप, बृजेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।




डीएम कार्यालय पर धरना देते सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के पदाधिकारा।

## नशे में धुत होकर भाई व बहन को पीटा, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अचलपुर जेल रोड निवासी एक युवक ने नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती रात मेरी बेटी को नशे की हालत में मारा-पीटा गया जिससे वह बेहोश हो गई। इसकी जानकारी जब उसके भाई को हुई तो उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। मेरा बेटा किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है आरोपी के विरुद्ध कार्यवही की मांग की गई है।

# टैबलेट पाकर खुश हुए महाविद्यालय के छात्र

अखंड भारत संदेश

**परियावां प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर मे उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एमए व एमकाम के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण किया गया।

जिन विद्यार्थी को 27 जुलाई को टैबलेट नही मिल सका उनको 29 व 30 को टैबलेट दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे खंड विकास अधिकारी कालाकांकर व विशिष्ट अतिथि के रूप मे सहायक खंड विकास अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य रहे। टैबलेट वितरण कार्यक्रम के नोडल् अधिकारी डा डी सी आनंद के देख रेख मे सम्पन हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव, प्रो रेखा सिंह, चीफ प्रोक्टर सर्वेश कुमार सिंह, प्राचीन इतिहास् प्रभारी भूपेश प्रताप् सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, रमेश गुप्ता, नासिर जिलानी, सूरज सिंह, अशुलता, नवल कुमार व रूप कुमार आदि लोग रहे।



टैबलेट के साथ छात्र-छात्राएं व मुख्य अतिथि।

## खुद के कर्तव्यों को भूले गुरु जी, दूसरे को पढ़ा रहे है नैतिकता का पाठ

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खुद गुरु जी अपने कर्तव्यों को भूलकर दूसरों को नैतिकता की सीख दे रहें है।

स्कूल समय में खुद के स्कूल को छोड़कर दूसरे विद्यालय में पौधरोपण कर रहे है। उक्त फोटो को किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय विकास खंड में कुछ अध्यापकों की मनमानी पर अंकुश लगाना शिक्षा विभाग के लिए किसी चुनौती बन गया है। वह खुद की जिम्मेदारी को भूलकर दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे है। बात यह है कि 26 जुलाई को एक प्राथमिक स्कूल के शिक्षक स्कूल के समय खुद के विद्यालय को छोड़कर दूसरे के स्कूल जाकर पौधरोपण के साथ पौधों को बांट रहे थे। गुरु जी की फोटो किसी ने लेकर सोशल मीडिया पर डाल दी, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। उक्त मामले में क्या सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही पता लग सकेगा?

# साकेत महिला महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में 109 छात्र-छात्राओं का हुआ चयन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** साकेत महिला महाविद्यालय दहिलामऊ में रोजगार मेले का आयोजन हुआ जिसका संयोजन संजय पांडे ने किया जिसमें 109 छात्रों/छात्राओं का चयन किया गया। इसमें क्वेश क्राप में 19, टी डी यस में 5, डीसेन्ट में 28, गुड विल इंडिया मैनेजमेंट में 23, बजाज कैपिटल में 34 लोगों का चयन कंपनियों ने किया है। कार्यक्रम में जिला सेवा आयोजन कार्यालय के अनुभव त्रिपाठी, अभिषेक पांडे, संतलाल पाल, प्रफुल्ल कुमार द्विवेदी, शुभम श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में साकेत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर नीलमा श्रीवास्तव ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के संस्थापक अरविंद श्रीवास्तव ने कंपनियों एवं सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारीयो के प्रति आभार ज्ञापित किया।




## महिला के साथ छेडछाड व धमकी को लेकर दो पर केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने महिला के साथ छेडछाड व अश्लील हरकत तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के एक गांव की पीड़िता का पति रोजगार के सिलसिले में मुम्बई में रहता है। यहां गांव में वह अपने बच्चों के साथ रहती है। पीड़िता का आरोप है कि तेईस जून की रात नौ बजे वह गांव के बाग में शौच के लिए गयी थी। इसी बीच गांव के विपिन मिश्र व संतोष मिश्र ने उसे पकड़ लिया और बदनीयती से अश्लील हरकत करते हुए छेडछाड किया। आरोपियों ने पीडिता के कपड़े भी फाड़ डाले। पीडिता ने घटना को लेकर कई बार तहरीर दिया लेकिन कार्रवाई के नाम पर पुलिस हीलाहवाली करती रही। अफसरों की फटकार पर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी विपिन व संतोष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# गमगीन माहौल में दोनों भाईयों के शव का हुआ अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घरेलू कलह से आजिज आकर रविवार की देर शाम महिला ने अपने दो बच्चों के साथ नदी में छलांग लगा दिया था। ग्रामीणों की तत्परता से महिला तो बच गयी लेकिन उसके दोनों बेटों का शव सोमवार को दोपहर बरामद हुआ। पीएम के बाद मंगलवार दोपहर दोनों भाईयों का शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। गांव के समीप एक चिता पर दोनों भाईयों के शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। कोठा नेवढ़िया गांव निवासी रामनाथ वर्मा रोजगार के सिलसिले में मुम्बई में रहता है। उसकी पत्नी श्यामा देवी अपने दो बेटों अनिकेत 12 व अंकित 07 के साथ गांव में परिवार के साथ रह रही थी। उसका ससुर से विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि रविवार को वह अपने दोनों बेटों को लेकर शाम करीब साढ़े सात बजे पूरे तुला उपाध्याय सई घाट पर पहुंची और अचानक बच्चों के साथ नदी में कूद गयी। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने महिला को तो बचा लिया लेकिन दोनों बच्चे नदी में बह गये थे। सोमवार की दोपहर बनियानार घाट के पास दोनों भाईयों का शव नदी से बरामद हुआ था। पीएम के बाद मंगलवार दोपहर दोनों भाईयों का शव घर लाया गया। इधर मुम्बई से पिता भी गांव पहुंच गया था। एक साथ दोनों बेटों का शव देख वह दहाड़े मार रो पड़ा। गमगीन माहौल में परिवार के लोगों ने गांव समीप एक चिता पर दोनों भाईयों के शव का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान शांति सुरक्षा को लेकर पुलिस भी मौजूद रही। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी में दोनों भाईयों का अंतिम संस्कार हो गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### महिला के साथ मारपीट को लेकर चार के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने कमरे में बंद कर महिला के साथ मारपीट की घटना को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के देल्हूपुर गड़रियन का पुरवा गांव की रेशमा बानो पुत्री इंसान अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मुकदमें में समझौता करने को लेकर सत्ताईस जुलाई को दोपहर में गांव निवासी रज्जब ने अपनी मां हजीरा बेगम पत्नी नसीमुल तथा भाई इमरान के साथ मिलकर एकराय होकर उसे कमरे में बंद करके जमकर मारापीटा। पीडिता का यह भी आरोप है कि एक दरोगा ने भी आरोपियो के दबाव में उसे गाली दी और मुकदमें मे समझौते का दबाव बनाया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद रज्जब समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नगदी व मोबाइल छीनने वाले दूसरा बाल अपचारी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पहलमापुर के समीप बाइक सवार दो किशोर घर जा रहे साइकिल सवार युवक को शनिवार की शाम रोककर नगदी व मोबाइल छीन लिया था। पुलिस ने एक बाल अपचारी को रविवार को जहां बात सुधार भी भेजा था वही दूसरे को सोमवार को बल सुधार भी भेज दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर निवासी रियाज अहमद पुत्र मोहम्मद आमीन शनिवार को पट्टी बाजार कुछ खरीदारी करके साइकिल से अपने घर जा रहा था। पहलमापुर के पहले बाइक सवार दो किशोर आए और आगे बाइक लगाकर रोक लिया। जेब में रखा मोबाइल व नगदी छीन लिया। इस मामले में पुलिस ने बेला गांव के एक बाल अपचारी से मोबाइल बरामद करते हुए ज बाल सुधार गृह भेज दिया था। वहीं दूसरे आरोपी को भी सोमवार को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर बाल सुधार भी भेज दिया। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि दोनों बाल आचारियों को बाल सुधार गिरी भेजा जा चुका है।

## संपादक की कलम से

# पंजाब में स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा मान सरकार की कामयाबी

पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जिस प्रकार स्वास्थ्य सेवाओं का प्रारूप बदल दिया है, वह काबिले तारीफ है और यह पंजाब के लोगों के स्वास्थ्य को कायम रखने एवं बेहतर बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री मान ने 58 अत्याधुनिक सेवाओं से युक्त एंबुलेंस को रवाना किया है। राज्य के दूर दराज के इलाकों में लोगों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में यह उल्लेखनीय कदम है। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री सडक सुरक्षा फोर्स के वाहनों को भी हरी झंडी दिखाई थी, हाईवे पर यह फोर्स आपात काल में वाहन चालकों को मदद मुहैया कराती है। पंजाब में यह अनुपम प्रयोग है, क्योंकि हाईवे पर हादसों की रोकथाम के साथ उन हादसों के शिकार हुए लोगों को तुरंत मेडिकल मदद मुहैया कराना आवश्यक है। अब ये एंबुलेंस इन सडक सुरक्षा फोर्स के साथ मिलकर काम करेंगी और हादसे की सूरत में तुरंत चिकित्सा सुविधा प्रदान करेंगी।

गौरतलब है कि पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार जिस प्रकार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए आयाम स्थापित कर रही है, वे प्रदेश की जनता के कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय कदम साबित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री मान के द्वारा जिस प्रकार से राज्य में विकास कार्यों की शुरूआत की गई है, उससे राज्य विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है और अब वह दिन दूर नहीं, जब पंजाब देश में विकसित राज्यों में शुमार होगा। यह कितना अद्भुत है कि राज्य में ऐसे स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं, जोकि अपने आप में किसी बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए कारगर साबित होने जा रहे हैं। राज्य में स्कूल ऑफ एमिनेंस खोले गए हैं। इसी प्रकार राज्य में नागरिकों के स्वास्थ्य को कायम रखने के लिए आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। निश्चित रूप से स्कूल आफ एमिनेंस जहां बच्चों के सपनों को नई उड़ान देंगे वहीं क्लीनिक जनता की सेहत के रखवाले बनेंगे। पंजाब में शैक्षिक स्वरूप अब बदला हुआ नजर आ रहा है और नए खुल रहे एमिनेंस स्कूल और लाइब्रेरी की सुविधा से शिक्षा जगत रोशन हो रहा है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक कार्य किया है और उसके परिणाम अब सामने आने लगे हैं। अब पार्टी की पंजाब में सरकार भी इसी दिशा में आगे बढ़ रही है, जोकि बेहद सराहनीय है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, उद्योग एवं राजस्व आदि जुटाने के संदर्भ में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिनकी बदौलत अब पंजाब गतिमान नजर आ रहा है। यह भी कितना कल्याणकारी है कि अब राज्य में आम आदमी क्लीनिक बनाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से घर-पड़ोस में ही मेडिकल सेवाएं उपलब्ध हैं। एक नागरिक की अच्छे स्कूल, अस्पताल, रोजगार के अलावा ज्यादा जरूरतें नहीं होती। पंजाब सरकार का कहना है कि अब राज्य में 20 हजार सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचा मजबूत किया जाएगा। आम आदमी पार्टी सरकार ने शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में भारी रियायतें जनता को प्रदान की हैं, इससे जनता का जीवन सुखद हुआ है। बिजली की दरों में रियायत भी ऐसा ही फैसला है, इससे पंजाब के निम्न और मध्यम वर्ग पर महंगाई की मार कम हुई है और उसको अपने दूसरे खर्च निपटाने में आसानी हो रही है।

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे राज्य में परिवर्तन का जैसा माहौल बनाया है, उसके बाद से शिक्षा, चिकित्सा, सरकारी क्षेत्र, रोजगार, पुलिस, उद्योग, बिजली, कृषि आदि में बदलाव साफ नजर आ रहा है। एक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा और क्या हो सकती है कि वह जनता की भलाई के लिए काम करे। होना तो यह चाहिए कि राज्य एवं देश प्रगति करें और जरूरतमंदों को भी उस प्रगति का फायदा मिले।

पंजाब में अब सरकारी नौकरियां मिल रही हैं, वहीं कॉन्ट्रेक्ट आधारित कर्मचारियों को नियमित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मान का यह कहना सर्वथा उचित प्रतीत होता है कि पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल आम लोगों को राजनीति के केंद्र में लेकर आए हैं, उन्होंने राजनीति के मायने बदल दिए हैं। एक सरकार को ज्यादा से ज्यादा जनता केंद्रित होना चाहिए और यही आप सरकार कर रही है। वास्तव में एक राज्य सरकार के जन सरोकार इसी तरह सामने आते हैं, जब वह जनता की सुविधा के लिए कदम उठाती है। राज्य को विकास की दरकार है और सरकार को इस दिशा में और प्रभावी तरीके से कदम उठाने होंगे।

## लिवर कैंसर का खतरा कम कर सकती हैं कोलेस्ट्रॉल घटाने वाली नॉन-स्टैटिन दवाएं : शोध

**नई दिल्ली।** एक शोध में कहा गया है कि कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली कुछ नॉन-स्टैटिन दवाएं लिवर कैंसर का खतरा कम कर सकती हैं।

कैंसर नामक पत्रिका में ऑनलाइन प्रकाशित शोध में स्टैटिन पर पिछले शोध से प्राप्त साक्ष्य के अलावा इन दवाओं के संभावित सुरक्षात्मक प्रभावों के बारे में बताया गया है।

मैरीलैंड नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए शोध में पांच प्रकार की नॉन-स्टैटिन कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाओं पर फोकस किया गया है, जिनमें फाइब्रेट्स, नियासिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड शामिल हैं।

ये सभी दवाएं आम तौर पर कोलेस्ट्रॉल और लिपिड के स्तर को नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं। यह सभी शरीर में अलग-अलग तरीके से काम करती हैं।

शोधकताओं ने 3,719 लीवर कैंसर के मामलों और 14,876 कैंसर रहित मामलों को शोध में शामिल किया।

शोध में टाइप 2 डायबिटीज के साथ क्रॉनिक लिवर बीमारियों को भी शामिल किया गया है।

परिणामों से पता चला कि कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाओं से लिवर कैंसर का जोखिम 31 प्रतिशत कम हुआ।

इसके अलावा, डायबिटीज और लिवर की बीमारी पर भी इसके समान प्रभाव दिखाई दिए।

पिछले निष्कर्षों के अनुरूप इस शोध में पुष्टि हुई कि स्टैटिन से लिवर कैंसर का जोखिम 35 प्रतिशत कम हुआ है।

हालांकि, लिवर कैंसर के जोखिम और फाइब्रेट्स, ओमेगा-3 फैटी एसिड या नियासिन के उपयोग के बीच कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया।

पूरे शोध में पित्त अम्ल अनुक्रमक का उपयोग लीवर कैंसर के बढ़ते जोखिम से जुड़ा था, हालांकि मधुमेह और लिवर रोग की स्थिति के आंकड़ों को अलग करने से डाटा से किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचना संभव नहीं था।

शोधकताओं ने इस शोध के बाद संभावित जोखिमों को स्पष्ट करने के लिए आगे के अध्ययनों की आवश्यकता पर बल दिया।

यह शोध कोलेस्ट्रॉल कम करने और लिवर कैंसर की रोकथाम के लिए दिए उपायों में एक नया आयाम जोड़ता है, जो इस क्षेत्र में निरंतर अनुसंधान की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

अनुसंधानकताओं ने कहा है कि कुछ अध्ययनों में लिवर कैंसर के जोखिम पर कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली नॉन-स्टैटिन दवाओं के प्रभावों की जांच की है, इसलिए उनके अध्ययन के परिणामों को अन्य आबादी में दोहराने की आवश्यकता है।

नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के डॉ. मैकग्लिन ने कहा, "यदि अन्य अध्ययनों में हमारे निष्कर्षों की पुष्टि हो जाती है, तो हमारे परिणाम लिवर कैंसर की रोकथाम अनुसंधान को सूचित कर सकते हैं।

# राहुल गांधी की विभाजनकारी राजनीति और बेतुकें तर्क



**- ललित गर्ग -**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने महाभारतकालीन चक्रव्यूह और पद्म व्यूह का सहारा लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधना चाहा है। जिस तरह से उन्होंने बजट पूर्व हलवा परम्परा में वित्तमंत्री के साथ खड़े लोगों को जाति आधारित संरचना बताया वह कहीं से भी तार्किक नहीं लगता। इस सेरेमनी में तो उस वक्त मंत्रालय के जो सीनियर अफसर होते हैं, वे ही मौजूद रहते हैं। इसमें जातिवाद कहाँ से आया? यह बात समझ से परे है। यही वजह है कि हलवा परम्परा की जब राहुल गांधी अपनी तरह से विवेचना कर रहे थे, तब वित्त मंत्री ने माथा पकड़ लिया था। राहुल गांधी ने जो तुलनाएँ की, वे निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

लोकसभा में आम बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना पुराना आरोप नए सिरे से दोहराया कि बजट बनाने वालों में कोई एससी-एसटी और ओबीसी अधिकारी नहीं होता, उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। इस तरह की बेतुकी बातें करते हुए वे क्यों नहीं समझना चाहते कि ऐसी स्थिति और इस तरह की परम्परा कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों के समय से ही चली आ रही है। कांग्रेस ही इसकी जिम्मेदार हैं, लेकिन वह कुछ समझने के लिए तैयार ही नहीं। राहुल गांधी एक तरह से यह कहना चाह रहे हैं कि अनारक्षित वर्गों के अधिकारी आरक्षित वर्गों के हितों की उपेक्षा करते हैं। इस तरह वे देश की परम्पराओं एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के समझे बिना ऐसा कुछ कह जाते है जो देश की एकता, अखण्डता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत होता है। राहुल के बोलने का बचकानापन तो कभी-कभी सारी हदें पार कर जाता है। एक बार तो उन्होंने यहां तक कह दिया हैं कि उच्च जाति के शिक्षक प्रश्नपत्र बनाते हैं, इसलिए आरक्षित वर्ग के छात्र फेल हो जाते हैं। आखिर यह भड़काऊ राजनीति नहीं तो और क्या है?

राहुल गांधी ने बजट पर सरकार को घेरने के लिए महाभारतकालीन घटनाओं का उल्लेख करते हुए यह भी कह डाला कि जैसे अभिमन्यु को चक्रव्यूह में घेर लिया गया था, उसी तरह देश को भी मोदी सरकार ने घेर रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री समेत जिन छह लोगों को इस घेराबंदी के लिए जिम्मेदार ठहराया, उसमें अंबानी-अदाणी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भी शामिल कर लिया। उन्होंने दावा किया है कि भारत पर कब्जा करने वाले चक्रव्यूह के पीछे तीन ताकतें है- पहली एकाधिकार पूंजी का विचार, जिसमें दो लोगों को देश की समूची संपत्ति का मालिक बनने की अनुमति देना। दूसरा देश की संस्थाएं, एजेंसियां, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग हैं एवं तीसरी राजनीतिक कार्यप्रणाली है। इन तीनों ने मिलकर देश को तबाह कर दिया है। इस तरह के बयानों एवं बोलों से स्पष्ट है कि वह मनमाने और बेतुके तर्क देने में संकोच नहीं कर रहे हैं। वह अपनी ऐसी बातों से चर्चा में तो आ जाते हैं और उनके समर्थक उनकी वाह-वाही करने में भी जुट जाते हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर वह न तो समाज को कोई सही दिशा दे पा रहे हैं और न ही सरकार को कोई सार्थक सुझाव। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, चिन्तनीय है।

राहुल गांधी के रुख-रवैये एवं अतिश्योक्तिपूर्ण तर्कों से यही लगता है कि वह अभी भी चुनावी मुद्रा में हैं। अपनी चुनाव पूर्व की आक्रामकता से वे उपरत नहीं हो पाये हैं। वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? उन्हें बताना चाहिए कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में बजट बनाने में आरक्षित वर्गों के कितने अधिकारियों की हिस्सेदारी होती है? वह मोदी शासन की तरह मीडिया में भी आरक्षित वर्गों के प्रतिनिधित्व का प्रश्न भी कई बार उठा चुके हैं, लेकिन यह देखने को तैयार नहीं कि आखिर उनके परिवार के प्रभुत्व वाले मीडिया संस्थान में इन वर्गों के कितने लोगों की हिस्सेदारी है?

लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। जिससे सरकार को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है। आखिर सरकार करे, तो क्या करे? उसने हर सत्र के शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठकें कर-के देख ली। दोनों सदनों के अध्यक्ष और उप-सभापति ने बारंबार समझा-समझाकर सहयोग की अपील कर ली। प्रधानमंत्री ने भी बार-बार सदस्यों से सदन को शांतिपूर्वक बहस के जरिये चलने-चलाने की विनम्र अपील कर डाली। बावजूद इसके एनडीए को सत्ता के आरंभ 2014 से अभी तक विपक्ष का सहयोग नहीं मिल पाया है। संसद के सत्रों की ही भांति नीति आयोग की बैठक का भी लगभग सभी विपक्षी दलों ने बहिष्कार कर दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आईं जरूर, लेकिन उन्होंने भी यह आरोप लगाकर बाहर का रास्ता नापा कि उनको बोलने नहीं दिया गया, माइक बंद कर दिया गया। हालांकि, सरकार ने इससे इनकार किया है। क्या देश के मतदाताओं ने भारी संख्या में विपक्ष को इसीलिए भेजा है कि वे उनके हितकारी कार्यों पर संसद में बहस करने के बजाय सब कुछ हंगामे या बहिष्कार की भेंट चढ़ा दें? कब विपक्ष संसद में मतदाताओं की भावनाओं के अनुरूप उनको सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति गंभीर होकर अपनी दायित्वों एवं कर्तव्यों का पालन करते हुए देश-निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वाह करेंगे?

नीति आयोग ऐसा कोई मंच नहीं, जिसे दलगत राजनीति का अखाड़ा बनाया जाए। वैसे भी, इस बार तो नीति आयोग की बैठक का एजेंडा देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उपाय और सुझावों पर केंद्रित था। आखिर इस एजेंडे पर विपक्षी दलों एवं विपक्षी दल के मुख्यमंत्री को राजनीति करने की क्यों सूझी? वे यह ठान चुके हैं कि वे किसी भी, यहां तक की राष्ट्रीय हित के विषय पर भी सरकार के साथ मिलकर चलने को तैयार नहीं। इसकी झलक संसद में तो लगातार मिल रही है, लेकिन नीति आयोग में भी वैसी ही नकारात्मक स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्षी दलों का तर्क है कि उन्होंने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार इसलिए किया, क्योंकि बजट में विपक्ष-शासित राज्यों की कथित तौर पर अनदेखी की गई। एक तो यह जनता को गुमराह करने वाला तर्क है, और यदि ऐसा लगता है, तो उन्होंने अपनी बात आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री के समक्ष कहने का अवसर गंवना क्यों पसंद किया?

**प्रेषक**

**(ललित गर्ग)**

**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92 मो. 9811051133**

# चोरी की जीत के सिकंदर ?

**- राजेंद्र शर्मा**

अपने तमाम सवालों के संदर्भ में वाईएफडी ने सभी संदेहों तथा आरोपों की 'स्वायत्त निगरानी में एक स्वतंत्र जांच' की मांग की है, जिस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। बहरहाल, फिलहाल इस तरह की जांच की ज्यादा संभावना भले ही नहीं लगे, वाईएफडी की रिपोर्ट ने चुनाव आयोग की भूमिका और निष्पक्षता से जुड़े उन सभी सवालों को नये सिरे से उठा दिया है, जो इस आम चुनाव के दौरान लगातार उठते रहे थे।

बेशक, 4 जून की मतगणना के बाद, नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बावजूद, इस चुनाव के जनादेश की प्रकृति पर और संघ-भाजपा के जीत के दावों पर, गंभीर सवाल उठे हैं और अब तक बने हुए हैं। ये सभी सवाल, जो संघ-भाजपा के 'जो जीता वही सिकंदर' के तर्क पर टिके जीत के दावों को प्रश्नांकित करते हैं, इस कथित जीत पर मुख्यतः दो पहलुओं से सवाल उठाते हैं। पहला, यह कथित जीत किन परिस्थितियों में और किस तरह हासिल की गयी है और इसलिए क्या इसे वाकई जीत माना जा सकता है? इस पहलू से उठे सबसे महत्वपूर्ण सवाल इस चुनाव की प्रकृति और चुनाव आयोग द्वारा चुनाव के संचालन से संबंधित थे। यह बलपूर्वक दर्ज किया गया था कि ये चुनाव व्यवहार में, पूरी तरह से गैर-बराबरी के मैदान में हो रहे थे, जहां सत्ता पक्ष को पहले ही हर प्रकार से बढ़त हासिल थी, जबकि विपक्ष को हाथ पीठ के पीछे बांधकर लड़ना पड़ रहा था।

मोदी राज के दस साल में, चुनावी बांड समेत विभिन्न तरीकों से आर्थिक संसाधनों के अनुपातहीन तरीके से सत्ताधारी दल के पक्ष में और विपक्ष के खिलाफ मोड़े जाने ने और इजारेदारों के द्वारा पैसा लगाए जाने की इसी प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर, मीडिया में सत्ताधारी दल के लगभग पूर्ण बोलबाले ने, चुनावी मुकाबले को जितना असमानतापूर्ण बना दिया था, वह किसी भी वस्तुगत टीकाकार से छिपा नहीं था। इसके ऊपर से सत्ता के अधिक से अधिक तानाशाहीपूर्ण होते आचरण ने, इस ऊंचे-नीचे मैदान को जिस तरह किसी वास्तविक मुकाबले के लिए और भी अनुपयुक्त बनाया था, वह भी किसी से छुपा हुआ नहीं था। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर, चुनाव की पूर्व-संध्या में दो-दो मुख्यमंत्रियों को, जो अपनी-अपनी पार्टियों के शीर्ष नेता भी हैं, जेल में बंद कराए जाने से लेकर, विरोधी राजनीतिक पार्टियों के खाते जाम कराए जाने तक, इस चुनाव के ऐन पहले तथा चुनाव के दौरान हुई अभूतपूर्व ज्यादतियों को भी, सभी ने कम से कम दर्ज जरूर किया था। कोढ़ में खाज यह कि चुनाव आयोग ने, जिसके ऊपर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी थी, मुकाबले के मैदान को पूरी तरह से ऊबड़-खाबड़ तथा वास्तव में अखेल्य बनाने वाली, इन तमाम स्थितियों को न सिर्फ प्रदत्त या सामान्य मानकर स्वीकार कर लिया था बल्कि खुद भी अपनी करनियों और अकरनियों से, मुकाबले को और एकतरफा बनाने में सक्रिय रूप से योग दिया था। खुद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, सत्ताधारी दल द्वारा अपने अल्पसंख्यकविरोधी सांप्रदायिक रुख के अनुरूप, खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक प्रचार किए जाने को, देश के चुनाव कानून तथा आदर्श चुनाव संहिता के तहत स्पष्टद्द मनाही के बावजूद, जिस तरह चुनाव आयोग ने चलने दिया था और हर तरफ से शिकायतें आने के बावजूद, अंत-अंत तक कोई कार्रवाई नहीं की थी, उसे भी सभी ने दर्ज किया था।

दुर्भाग्य से चुनाव आयोग का यह पक्षपात, सत्तापक्ष के अतिक्रमणों के बचाव तक ही सीमित नहीं रहा था। यह पक्षपात खुद उसके सत्तापक्ष के सांप्रदायिक रुख के रंग में रंगने तक भी जाता था और इसके चलते, चुनाव से पहले अनेक स्थानों पर बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूचियों से काटे जाने से लेकर, मतदान के दौरान कई चुनाव क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों तथा अन्य कमजोर तबके के लोगों को मताधिकार से वंचित किए जाने तक की शिकायतें सप्रमाण सामने आयीं, जिन्होंने चुनाव की निष्पक्षता पर ही सवाल खड़े कर दिए। दुर्भाग्य से चुनाव आयोग इतने पर भी नहीं रुका। चुनाव के दौरान उसने चरणवार मतदान के पूरे आंकड़े देने में अनुचित देरी लगाई और सुप्रीम कोर्ट तक विवाद पहुंचने के बाद जब देरी से अंतिम आंकड़े जारी भी किए, मतदान के दिन ही देर शाम को जारी मतदान के कच्चे आंकड़ों और अंतिम आंकड़ों में संदेहास्पद तरीके से भारी और असामान्य अंतर था।

# राहुल के सामने भाजपा सरकार पस्त



सोमवार को लोकसभा में केन्द्रीय बजट पर अपना पक्ष रखते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश के सामने न केवल भारतीय जनता पार्टी सरकार को बेनकाब कर दिया वरन यह भी बतला दिया कि किस प्रकार से जनता को एक चक्रव्यूह में फंसाया गया है। वैसे उन्होंने दावा किया कि प्रतिपक्षी गठबन्धन इंडिया उस चक्रव्यूह को तोड़ देगा। किसान, मजदूर, छात्र, मध्यमवर्ग और इन सबके साथ वे पत्रकार जिन्हें संसद में एक कमरे में कैद करके रिपोर्टिंग करने कहा जा रहा है, उन सबके लिए राहुल ने आज सदन में आवाज उठाई

राहुल ने अपने भाषण की शुरूआत में कहा कि महाभारत में उल्लिखित चक्रव्यूह का आकार कमल की तरह होता है जो भाजपा का निशान है। जैसे ही उन्होंने बतलाना शुरू किया कि जिस प्रकार से महाभारत में वर्णित चक्रव्यूह के केन्द्र में छह लोग (द्रोणाचार्य, कर्ण, अश्वत्थामा, कृपाचार्य, कृतवर्मा और शकुनी) थे, वैसे ही भाजपायी चक्रव्यूह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, अदानी, अंबानी, मोहन भागवत हैं, छठे का नाम लेने के पहले ही सदन में कोहराम मच गया। स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें ऐसे किसी व्यक्ति का नाम लेने से मना किया जो सदन का सदस्य नहीं है। राहुल ने एक तरफ से उन्हें ही फंसाते हुए पूछ लिया कि उनके (अदानी-अंबानी) लिये वे 'आखिर क्या कहकर संकेत करें कि लोग समझ जायें कि किसके बारे में कहा जा रहा है।' उन्होंने पूछा कि क्या उन्हें 'नंबर 3' और 'नंबर 4' कह सकते हैं या फिर ए 1 और ए 2 कहें।

संसदीय मंत्री किरण रिजिजू ने जब उनसे संसदीय मयार्दा का पालन करने को कहा तो राहुल ने उन पर तंज कसा कि 'मंत्री को ऊपर से आदेश है कि उनकी (अदानी-अंबानी) की रक्षा की जाये।' बिरला हमेशा की तरह सरकार के पक्ष में खड़े दिखलाई दिये। अध्यक्ष बार-बार कहते रहे कि वे विपक्ष के नेता से उम्मीद करते हैं कि वे संसद के नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने कई बार यह भी बतलाया कि स्वयं सदन में कांग्रेस संसदीय दल के उप नेता ने यह आग्रह किया है कि ऐसे लोगों का नाम न लिया जाये जो कि सदन के सदस्य नहीं हैं। वैसे एक बार और अदानी-अंबानी के नाम लेकर राहुल ने माफी तो मांग ली परन्तु माना जाता है कि ऐसा उन्होंने रणनीति के तहत किया।

अपनी चक्रव्यूह वाली बात को आगे बढ़ाते हुए राहुल ने कहा कि नोटबन्दी, जीएसटी, तीन कृषि कानून, अग्निपथ जैसी योजनाओं के जरिये लोगों को चक्रव्यूह में फंसाया गया है। वैसे उन्होंने भरोसा जताया कि इंडिया के पास इस चक्रव्यूह को तोड़ने के उपाय हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा), किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और जातिगत जनगणना के जरिये जनता को फंसाये गये चक्रव्यूह को काटा जायेगा। ये दोनों बातें कांग्रेस के घोषणापत्र में भी था, लेकिन राहुल ने सदन के भीतर इनका ऐलान करके बता दिया कि ये बातें महज चुनावी नहीं हैं, राहुल इनके जरिए न्याय की एक नयी नींव देश में रखने की तैयारी में हैं।

राहुल ने कहा कि वर्तमान में बजट का पूरा लाभ मुठ्ठी भर लोगों को मिल रहा है। उन्होंने इसका कारण यह बतलाया कि गिने-चुने लोगों द्वारा बजट तैयार किया जाता है जिनमें कोई भी आदिवासी नहीं होता और न ही कोई दलित या पिछड़ा वर्ग का अधिकारी। उन्होंने साफ कहा कि जब तक ऐसा होगा समाज के निचले वर्गों को इस बजट का कोई फायदा नहीं होगा। राहुल गांधी ने वह तस्वीर दिखलानी चाही जिसमें वे अधिकारी थे जिन्होंने बजट तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई भी अधिकारी वंचित समाज का नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष की नामंजूरी के पहले ही वे इस चित्र को दिखाने में कामयाब रहे। इस पर काफी शोर-शराबा तो हुआ लेकिन राहुल का उद्देश्य पूरा हो चुका था। हताश विपक्ष ने राहुल को उनके द्वारा हिन्दू धर्म का उल्लेख करने के वक्त भी शोर मचाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की परन्तु नाकामयाब रहे। सत्ता दल के सदस्य फिर से एक बार इस बात का प्रयास करते नजर आये कि वे इस बात को मुद्दा बना सकें कि राहुल हिन्दू धर्म का अपमान कर रहे हैं पर वे इसमें बिलकुल ही कामयाब नहीं हुए।

वैसे तो इनमें से अनेक ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें राहुल लगातार सदन के भीतर व बाहर उठा रहे हैं परन्तु सोमवार का उनका भाषण बजट पर चर्चा के दौरान होने से उसका अतिरिक्त महत्व है।

देखना यह होगा कि लोकसभा अध्यक्ष उनके भाषण का कितना हिस्सा रहने देते हैं और कितना रातों-रात विलोपित करते हैं। नेता प्रतिपक्ष के पूरे भाषण में टोका-टाकी करते हुए बिरला ने कई बार सरकार का बचाव करने की कोशिश की, जैसा वे हमेशा करते आये हैं। सत्ता पक्ष से रिजिजू के भी प्रयास इस दिशा में असफल होते नजर आये और राहुल के भाषण की भरपूर सराहना हो रही है जो सरकार के लिये चिंता का विषय हो सकता है। इसके साथ ही राहुल के भाषण के दौरान मोदी की अनुपस्थिति भी मुद्दा बनी।

## संचारी रोग रोकथाम को चलायें अभियान: बीडीओ

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना संचारी रोग की रोकथाम को बीडीओ मानिकपुर शैलेंद्र सिंह ने मातहत कर्मियों व ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारी व तकनीकी सहायक, सफाई कर्मी, आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संचारी रोग की रोकथाम को निरंतर प्रयास जारी रखने के निर्देश दिये।

मंगलवार को बीडीओ शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि लोगों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करें। जो कर्मचारी इस कार्य में उदासीनता बरतेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। 31 जुलाई तक लोगों के घर-घर जाकर संचारी रोग की रोकथाम को अभियान चलाना है। लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना है।

# बाढ प्रभावित क्षेत्रों में राहत देने को डीएम-एसपी ने लगाई चौपाल, बाढ में किसी को न हो दिक्कत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने तहसील राजापुर क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित सरधुवा इंटर कॉलेज में चैपाल लगाकर बाढ़ तैयारी बाबत जायजा लेकर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष जिले में बाढ़ आती है। 34 गांव प्रभावित होते हैं। सरधुवा ज्यादा प्रभावित होता है। सभी व्यवस्थायें स्कूल में होती हैं।



चौपाल में सम्बोधित करते डीएम।

मंगलवार को डीएम ने कहा कि प्रधान व व्यापार मंडल के सहयोग से व्यवस्था होती है। अर्की मोड पर ज्यादा पानी भरने से रोड दोनों ओर बैरिकेडिंग कर रोक दी जाती है। बाढ़ चैकी बनाई जाती है। बाढ़ बाद स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी होती है। मौजूद सभी विभागों से तैयारी बाबत चर्चा की। बीडीओ को निर्देश दिये कि जमुना का पानी बैक होता है तो बाढ़ आती है। बाढ़ बाद साफ-सफाई करायें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि महत्वपूर्ण भूमिका स्वास्थ्य विभाग की होती है, जो मेडिकल किट होती है, वह चिन्हित स्थलों पर रखें। सहयोग को पीएसी में कैम्प लगाये जाते हैं। संक्रमण रोकने को एलर्ट रहना होगा। बाढ़ से पहले पशुओं का टीकाकरण कर लें। भूसा का टेंडर कराकर स्टोर में रखा जाये। एक्सईएन विद्युत को निर्देश दिये कि विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि बाढ़ के समय बच्चों को चिन्हित स्कूलों में पठन-पाठन करायें। बच्चों को मीड-डे-मील की व्यवस्था करायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ में लापरवाही न करें, सतर्कता से कार्य करें। एडीएम को निर्देश दिये कि 18 बाढ़ चैकियां बनती हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी विभागों से तालमेल बनाकर बाढ़ राहत में सहयोग करें। डीएम-एसपी ने सरधुवा इंटर कॉलेज परिसर में पीपल-पलाश के पौधे लगाये। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, बीडीओ, तहसीलदार समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर थाने के कुसेली गांव में दोपहर बाद गरज-चमक से आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। चार लोग गम्भीर रूप से झुलस गये। परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉ प्रमोद कुमार ने दो को मृत घोषित कर दिया।

ये हादसा मंगलवार को अपरान्ह साढे तीन बजे कुसेली गांव में हुआ। बताया गया कि आधा दर्जन लोग नीम पेड़ के नीचे बैठे थे। अचानक हल्की बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से अरविंद (10) पुत्र बबलू सोनकर व मैकू पुत्र कल्लू निषाद की मौके पर मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से झुलस गये। झुलसे लोगों में जलसेन (27) पुत्र रामजु, रज्जू (12) पुत्र रामगोपाल, विजय (18) पुत्र बच्चा व जयबिद पुत्र रामजु हैं। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर में इलाज को भर्ती कराया। मृतक अरविंद दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई अंकुश (5) व दो बहने कल्पना व कोमल तथा मां सीमा देवी हैं। दूसरे मृतक मैकू दो भाइयों में बडा था। छोटा भाई मुकेश व मां गुड़िया देवी का रो-रोकर हाल बुरा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह के निर्देश पर एसआई कन्हैया बक्स सिंह व शैलेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। एसडीएम प्रमोद कुमार झा के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजीव कुमार दुबे व गांव के लेखपाल जगरूप ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर आख्या तहसील में दी है।

# झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से महिला की मौत

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के मऊगुर्दरी गांव में पैर दर्द का इलाज कराने गई आशा देवी (43) पत्नी राम सुशील तिवारी को झोलाछाप डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाकर जान ले ली। परिजनों ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है।

ये घटना सोमवार को अपरान्ह ढाई बजे हुई। बताया गया कि मृतका आशा देवी के देवर आदित्य तिवारी भाभी आशा देवी के पैर में दर्द होने पर इलाज कराने भतीजे संदीप तिवारी पुत्र राम सुशील तिवारी को साथ लेकर मानिकपुर थाने के सामने रिजा क्लीनिक में डॉ लतीफ के पास आये थे। डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगाते ही मुंह से झाग निकलने लगे। स्थित गम्भीर देख डॉक्टर क्लीनिक बंद कर भाग खडे हुए। मां की बिगड़ती हालत देखकर संदीप ने 108 एम्बुलेंस बुलाकर सीएचसी मानिकपुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर परिजनों ने घटना की तहरीर मानिकपुर थाने में दी। थानाध्यक्ष दुर्गविजय सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गलत इंजेक्शन की बात आने पर कार्यवाही की जायेगी। इधर, महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमा सक्रिय हुआ है। जांच करने पहुंचे टीम को क्लीनिक बन्द मिला। क्लीनिक पर नोटिस चस्पा कर थाने में सूचना दी गई है। जांच टीम में नोडल अधिकारी/अपर सीएमओ डॉ जीआर रतमेले, फार्मासिस्ट पंकज गोयल ने बताया कि क्लीनिक में किसी के न मिलने पर नोटिस चस्पा की गई है। डॉ लतीफ बीयूएमएस पद्यति के चिकित्सक हैं। उनका पंजीकरण क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी बांदा में है या नहीं, जांच करवाई जा रही है। जांच बाद अग्रिम कार्यवाही होगी।

# केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जेठ पर जानलेवा हमला

### मजदूरों को लेकर हुआ था वाद-विवाद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जेठ/यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री अशीष पटेल के भाई पर दबंगों ने जानलेवा हमला किया है। हमले में भाई मुन्ना सिंह पटेल गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें इलाज को प्रयागराज रेफर किया गया है।

ये मामला मंगलवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के हनुमानगंज गांव में दोपहर 12 बजे हुआ। बताया गया कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जेठ/यूपी सरकार





घायल अरुण सिंह पटेल।

में कैबिनेट मंत्री अशीष पटेल के भाई अरुण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह जो प्रधान पति हैं। वह खेतों में धान रोपाई को मजदूरों को लेने गये थे। इस बीच रास्ते में घात लगाये बैठे दबंगों ने उन पर जानलेवा हमला बोल दिया। लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर घायल कर दिया। घटना में प्रधानपति मुन्ना सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में इलाज को जिला अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देखकर बेहतर इलाज को प्रयागराज रेफर कर दिया। पीड़ित प्रधान पति अरुण पटेल ने बताया कि वह प्रधान पति होने के नाते समाजसेवा करते रहते हैं। आरोप लगाया कि पूर्व में दबंगों ने कोल समाज के व्यक्ति की हत्या की थी। पीड़ित परिवार की उन्होंने मदद की थी। इसी खुन्नश से उन पर जानलेवा हमला हुआ है। फिलहाल पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। हमलावरों की तलाश में टीमें गठित की गई हैं। जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीस जुलाई को थाना रैपुरा के लौरी हनुमानगंज गांव के रमेश शुक्ला के पुत्र देवराज उर्फ बडकू शुक्ला से मजदूरों को लेकर वाद-विवाद हुआ था। बडकू शुक्ला ने अरुण पटेल को सांग मारकर घायल कर दिया है। सीओ राजापुर व रैपुरा थानाध्यक्ष घटना स्थल पर पहुंच गये हैं। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

## दहेज हत्या का वांछित दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा अवधनारायण ने दहेज एक्ट के वांछित अंकित कुमार मिश्रा पुत्र देवदत्त मिश्रा परसौंजा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अवधनारायण, सिपाही प्रेम कुमार सिंह, आशीष कुमार शामिल रहे।

# नमामि गंगे की खोदी सडकें: विधानसभा में गूंजा मुद्दा, पैसा लेकर लेखपाल लगाता रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मानसून सत्र में सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा में जिले में नमामि गंगे से हर घर नल जल योजना कार्य में पूरे गांवों की सड़कें खोदने का मुद्दा उठाया। लोहिया गांव, जनेश्वर मिश्र गांव योजना, अम्बेडकर गांव, जिला पंचायत, ब्लाक, ग्राम पंचायत, सांसद-विधायक निधि से बनी सड़कों को पूरी तरह से खोद दिया गया है। हल्की बरसात में गांव में घुस नहीं सकते। बिना मानक के सड़के खोदी गई हैं।

मंगलवार को विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा में मुद्दा उठाया कि पानी मिलेगा या नहीं, ये तो पता नहीं, सडकें खोदी गई हैं। कई सालों में नहीं बनेगी। बनेंगी भी तो मिट्टी भरकर ठीक की जा रही हैं। विधायक ने मंत्री से पूंछा कि गांव की खोदी सड़कें उसी तरह बनायेंगे या नहीं। कोई समय सीमा निर्धारित है या नमामि गंगे से पानी फ्री मिलेगा या पैसा लगेगा? फ्री देगें तो ठीक, पैसा लेगें तो कितना गरीब जनता से लेंगे। इस पर कोई नियम है या नहीं। जिस तरह फ्री कनेक्शन के नाम पर विद्युत विभाग ने आधार



विधायक अनिल प्रधान।

कार्ड लेकर मीटर दे दिये। लाइट गांवों में नहीं है। विद्युत बिल पहुंच रहे हैं। शिकायत करो तो कोई सुनने को तैयार नहीं। मानकविहीन टंकियां बनाई हैं। घटिया पाइपलाइन पड रही है। जांच कौन करेगा? रसिन बांध से बरुआ बांध तक पानी ले जाने की जो कार्य योजना उनकी मांग पर बनायी जा रही है, वह कब तक आर्थिक व तकनीकी परीक्षण कराकर बजट मंजूर होगा। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस बारे में कार्यवाही हो रही है। प्रदेश में सर्पदंश से मृत्यु पर दैवीय आपदा से चार लाख देने बाबत विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष पेश किया। बताया कि दुख की बात है कि मृतकों के पोस्टमार्टम में डॉक्टरों के सर्पदंश से मृत्यु होने पर सर्पदंश लिखा नहीं जाता। जबरिया बिसरा लिया जाता है। जनता का शोषण हो रहा है। किसी परिवार में सर्पदंश से मृत्यु होती है तो गरीब परिवार पोस्टमार्टम करवाता है, ताकि सरकारी मदद मिल जाये। पोस्टमार्टम में बड़ा खेल हो रहा है। मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना योजना में किसानों को किसानी कार्य दौरान मृत्यु होने पर बटायीदार व मृतक के माता-पिता के नाम खतौनी में दर्ज जमीन पर खेती करने वालों को सम्बन्धित हल्का लेखपाल पीड़ित परिवार से पैसा लेकर रिपोर्ट लगाता है।

# योजनाओं के प्रचार को डीडीए कृषि ने रवाना किया वाहन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार को कृषि भवन कर्वी से जागरूकता रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

मंगलवार को उपकृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि बाबत योजनाओं के प्रचार-प्रसार को रैली निकाली जा रही है। ये रैली गांव-गांव जाकर लोगों को कृषि बाबत योजनाओं की जानकारी देगी। उपकृषि निदेशक ने कहा कि जिले में 340801 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। खरीफ फसलें 88752 हेक्टेयर में बोई जाती हैं। यहां ज्यादातर फसलें



प्रचार वाहन को हरीझंडी दिखाते डीडीए कृषि।

बारिश पर आधारित हैं। 43 फीसदी क्षेत्र सिंचित है। उन्होंने किसानों को कृषि निवेश, बीज, उर्वरक, किसान क्रेडिट कार्ड, सिंचाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उद्यान, पशुपालन, कृषक उत्पादक संगठन, खेल तालाब योजना, एकीकृत बागवानी, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, श्री अन्न योजना बाबत प्रचार-प्रसार को मंगलवार को प्रचार वाहन रवाना किया है। इस मौके पर फसल बीमा जिला समन्वयक समीर कुमार, योजना सहायक डा रंजीत सरोज व योजना सहायक प्रीतिराज मौजूद रहे।



रात के अंधेरे में पहाड में हो रहा था काम।

# आपरेटर की मौत बाद पट्टाधारक को कारण बताओ नोटिस जारी

### खान महानिदेशालय को भेजी आख्या

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भरतकूप क्षेत्र के भौंरा खदान ढहने से पोकलैंड आपरेटर की मौत के मामले पर खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने खनन पट्टाधारक अवधेश त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस जारी की है।

रविवार को सवेरे चार बजे अंधेरे में खदान में काम चल रहा था। इसी दौरान पहाड धंसने से पोकलैंड समेत आपरेटर राकेश निषाद दब गये। मौके पर उसकी मौत हो गई। जिला प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। जांच टीम ने प्रत्यक्षदर्शियों व खदान संचालकों से जानकारी लेकर आख्या शासन को भेजी है। खान सुरक्षा महानिदेशालय ने भी जानकारी मांगी है। जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि पट्टाधारक अवधेश त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। एक सप्ताह के भीतर खनन स्थल पर अंधेरे में काम करने, सुरक्षा मानकों का अनुपालन न करने आदि कारणों की जानकारी मांगी गई है।

मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व डीएम शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर मामले की गहराई से जांच हो रही है। जिला प्रशासन की आख्या में स्पष्ट हुआ है कि खनन स्थल पर सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं किया गया। अंधेरे में काम हो रहा था। बारिश से टूटी चट्टानों को हटाया नहीं गया। मिट्टी की लेयर में पानी पहुंचा और एक हिस्सा ढह गया। जिला प्रशासन ने कहा कि मामले में दोषियों पर कडी कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने को जरूरी कदम उठाये जायेंगे।

# आम आदमी पार्टी को खत्म करने पर तुली है भाजपा

### आप ने विरोध-प्रदर्शन कर केजरीवाल को रिहा करने की उठाई मांग

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** इंडिया आम आदमी पार्टी व सपा-कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को बेवजह जेल में बन्द करने को लेकर जिला मुख्यालय में विरोध-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में प्रताड़ित किया जा रहा है।

मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पिछले कई महीनों से दिल्ली शराब घोटाले के नाम पर राजनैतिक साजिश से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आज तक उनके खिलाफ कोई सबूत ईडी व सीबीआई कोर्ट में पेश नहीं कर सकी। अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से परेशान भाजपा आम आदमी पार्टी को समाप्त करने के प्रयास में जुटी है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर अरविंद केजरीवाल को जेल के अंदर प्रताड़ित कर रही है। केजरीवाल को सुगर का सही





विरोध-प्रदर्शन करते आप व सपा।

इलाज नहीं मिल रहा। उनका सुगर लेवल कई बार 50 तक चला गया है, जो जानलेवा है। अरविन्द केजरीवाल का दोष इतना है कि वे जनता के हित में दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा जैसे कार्य कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी की देश में लगातार लोकप्रियता बढ रही है। आम आदमी पार्टी ने मांग किया कि मामले में न्याय हो। केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी को खारिज कर ससम्मान रिहा किया जाये। स्वास्थ्य को देखते हुए इलाज की मुकम्मल व्यवस्था की जाये। आम आदमी पार्टी ने मांग किया कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग बंद हो। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव की अगुवाई में विरोध-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा गया। इस मौके पर आप प्रांत महासचिव अंकित सिंह पटेल, नर्वदा प्रसाद यादव, धनराज सिंह, नरेंद्र सिंह यादव, दिनेश सिंह पटेल, योगेन्द्र रैकवार, लवलेश केसरवानी, जगदीश प्रसाद, सुन्दरलाल तिवारी, गिरजाशरण तिवारी, मुहम्मद गुलाब खां, सन्तोष भरद्वाज, डॉ रमाकांत गुप्ता, प्रमोद कुमार सोनी, सन्तोष कुमार कोटार्य, अमृतलाल गुप्ता, सीताराम कश्यप, मुन्नालाल सोनकर, सालिकराम कुशवाहा, अजय यादव, सत्यम यादव, शिवम ओझा आदि मौजूद रहे।

# हजारों श्रद्धालुओं की आस्था से खिलवाड़

### परानू बाबा मेला में अव्यवस्थाओं का अंबार

अखंड भारत संदेश

**बरगढ़/चित्रकूट।** परानू बाबा आश्रम में बारहमासी अन्तर्राज्यीय मेला भगवान भरोसे लगता है। मेला में कई प्रान्तों के लाखों श्रद्धालु आते हैं। ये स्थान भक्तों के आस्था का केन्द्र है। शासन-प्रशासन ने मेला परिसर में कोई इंतजाम नहीं किये। परानू बाबा आश्रम मऊ तहसील के कलचिहा जंगल में राष्ट्रीय राजमार्ग 35 के बरगढ़ मोड़ चैराहा से ढाई किमी दूर उत्तर दिशा में है।

मंगलवार को परानू बाबा आश्रम में वैसे तो हर दिन भक्त आते-जाते हैं। अषाढ़, सावन, कार्तिक व फाल्गुन में ज्यादा भीड़ रहती है। वर्तमान में चित्रकूट मेला



परानू बाबा मेला का दृश्य।

के बाद जिले का सबसे बड़ा मेला यहां अषाढ़-सावन सोमवार व शुक्रवार को लगता है। दो से ढाई लाख श्रद्धालु माथा टेकते हैं। मेला क्षेत्र में अव्यवस्थाओं का अंबार है। परानू बाबा में कई प्रान्तों के भक्त अपनी मन्नतें लेकर आते हैं। उनकी मन्नतें पूरी होती हैं। ये स्थान भक्तों के आस्था का केन्द्र है। ये स्थान शासन-प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है। मेला परिसर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है। पूरे इलाके में डिस्पोजल से सफेदी छाई है। दुकानें अव्यवस्थित ढंग से लगती हैं। वाहन इधर-उधर खड़े होते हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है। धर्मशाला व शौचालय भी नहीं हैं। जो धर्मशाला बने हैं, उनमें दुकानदार कब्जा जमाये हैं। कोई जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी नहीं रहते। श्रद्धालुओं की मांग है कि सरकार को परानू बाबा प्राचीन धार्मिक स्थल को राष्ट्रीय या प्रान्तीय मेले का दर्जा देकर आधुनिक सुविधायें मुहैया कराई जाये, ताकि पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो और क्षेत्र का विकास हो सके। एसडीएम मऊ राकेश पाठक ने कहा कि बीडीओ को मेला परिसर की साफ-सफाई व पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिये गये हैं।

## दो अन्तर्जनपदीय बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की पांच बाइकें बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी सीतापुर, शिवरामपुर की टीम ने दो अन्तर्जनपदीय बाइक चोरों को चोरी की पांच बाइकों समेत गिरफ्तार किया। मंगलवार को चैकी प्रभारी सीतापुर व शिवरामपुर को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लोग चोरी की बाइक लिये लइना बाबा तिराहा पर खड़े हैं। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर मोटरबाइक समेत अमन चैहान पुत्र स्व प्रेमचन्द्र चैहान द्वारिकापुरी कोतवाली कर्वी व अभिराज सिंह उर्फ गोलू ठाकुर अगरहुड़ा थाना रैपुरा को गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूंछतांछ में बताया कि दोनों भीड़भाड़ स्थान से अलग-अलग स्थानों से मोटरबाइक चोरी करते हैं। बाद में उन्हें बेंच देते हैं। दोनों ने चोरी की चार और मोटरबाइकें राम सैया मन्दिर के आगे पहाड़ किनारे से बरामद करायी। कई वाहनों की नम्बर प्लेट बदली गयी हैं। कई वाहनों के चेचिस नम्बर घिसकर मिटाये हैं। नम्बर प्लेट के आगे या पीछे का नम्बर तोड़ा गया है। मोटरबाइकों की बरामदगी व नम्बर से छेड़छाड़ पर दोनों के खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्ज किया किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता, चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही अभिषेक प्रताप, नरेन्द्र, श्यामू शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में बाइक समेत चोर।

## कैलिफोर्निया में भूकंप से कांपी धरती, लॉस एंजिल्स तक रहा असर



**सैक्रामेंटो।** संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में सोमवार को शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का असर लॉस एंजिल्स तक दिखा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.9 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र बैरस्टो के पास बताया गया है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के भूगर्भ सर्वेक्षण के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब एक बजे भूकंप के झटके आने शुरू हुए। इसका केंद्र जमीन से पांच मील नीचे था। भूकंप का असर सैन बर्नार्डिगो काउंटी के अलावा लॉस एंजिल्स, केर्न, रिवरसाइड और ऑरेंज काउंटी में दिखा। इन स्थानों में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 और 2.7 मापी गई।

## ब्रिटेन में चाकू से भीड़ पर हमले में कई बच्चों समेत 8 लोग गंभीर रूप से घायल, हमलावर गिरफ्तार

**लंदन।** इंग्लैंड में भीड़ पर एक व्यक्ति ने चाकू से कई लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में बच्चों समेत 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं

पुलिस ने बताया कि इस मामले में लिवरपूल के पास साउथपोर्ट में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान आरोपित और उसके पास से चाकू भी जब्त किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, इस हमले में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। वहीं, इस हादसे के बाद स्थानीय व्यवसायी कोलिन पैरी ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी थी, उन्होंने कहा कि हमलावर ने कई युवा लड़कियों को भी चाकू मारा है।

एक अन्य स्थानीय ने बताया कि उन्होंने 7 से 10 बच्चों को देखा जो गंभीर रूप से घायल थे और उनका खून बह रहा था। उन्होंने आगे बताया कि सभी को चाकू मारा गया है।

## सलमान रुश्दी ने कमला हैरिस का किया समर्थन, ट्रंप को बताया खोखला आदमी




**न्यूयॉर्कः** प्रसिद्ध लेखक सलमान रुश्दी ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन किया. उन्होंने कहा कि एक 'अश्वेत और भारतीय' महिला को व्हाइट हाउस के लिए दौड़ लगाते देखना बहुत अच्छा है. हैरिस के प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक भी महान गुण से रहित एक खोखला आदमी कहते हुए, बुकर पुरस्कार विजेता लेखक ने कहा कि विकल्प की अनुमति नहीं दी जा सकती.

रुश्दी 'साउथ एशियन मेन फॉर हैरिस' नामक एक वर्चुअल कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय के कई प्रमुख नाम शामिल हुए. उन्होंने कार्यक्रम में कहा, 'यह एक महत्वपूर्ण क्षण है. मैं बम्बई का लड़का हूं और एक भारतीय महिला को व्हाइट हाउस के लिए चुनाव लड़ते देखना बहुत अच्छा लगा. मेरी पत्नी अफ्रीकी अमेरिकी है, इसलिए हमें यह बात पसंद है कि एक अश्वेत और भारतीय महिला व्हाइट हाउस के लिए चुनाव लड़ रहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि हैरिस के राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होने से पिछले सप्ताह अमेरिकी राजनीति में 'परिवर्तन' आया है. उन्होंने कहा, 'अमेरिकी राजनीति में कुछ बहुत ही असाधारण, परिवर्तनकारी हुआ है. रुश्दी ने कहा, 'केवल एक सप्ताह के भीतर कमला हैरिस की उम्मीदवारी के साथ बातचीत पूरी तरह से बदल गई है. यह बहुत ही खुशी के साथ हुआ है। प्रथम भारतीय-अमेरिकी उपराष्ट्रपति के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश लेखक ने आगे कहा कि वह 'उनके साथ 1000 फीसदी हैं.' हमें इसे कार्यान्वित करना होगा, क्योंकि हम विकल्प को अनुमति नहीं दे सकते. एक भी महान गुण से रहित यह खोखला आदमी इस देश को अधिनायकवाद की ओर खींचने की कोशिश कर रहा है। रुश्दी ने आगे कहा, 'ऐसा नहीं हो सकता मेरा मानना है कि कमला ही वह व्यक्ति हैं जो इसे रोक सकती हैं. मैं उनके पक्ष में 1000 प्रतिशत हूं.' पिछले सप्ताह राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से अपना नाम वापस ले लिया तथा अपनी डिप्टी कमला हैरिस को इस दौड़ के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के रूप में नामित किया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा करते हुए फॉर्म पर हस्ताक्षर किए. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नवंबर में उनका जन-संचालित अभियान जीतेगा और उन्होंने दोहराया कि वह हर वोट हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी. इससे पहले रविवार को हैरिस के अभियान ने अपने नवीनतम धन जुटाने की कुल राशि की घोषणा की. इसमें कहा गया कि उन्होंने 200 मिलियन अमरीकी डालर जुटाए हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## विस्तारा ने गैर-उड़ान सेवा के स्थायी कर्मचारियों को की वीआरएस की पेशकश

**नई दिल्ली।** विस्तारा ने एयर इंडिया के साथ विलय से पहले उड़ान सेवा के इतर अन्य कार्यों से जुड़े हुए कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के साथ-साथ स्वैच्छिक पृथक्करण योजनाओं (वीएसएस) की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विस्तारा ने उड़ान सेवा के इतर नॉन-फ्लाइंग स्थायी कर्मचारियों के लिए वीआरएस और वीएसएस की पेशकश की है।

# बांग्लादेश में आज रहेगा राष्ट्रव्यापी शोक, आरक्षण विरोधी हिंसक विरोध प्रदर्शनों में 150 लोगों की हुई थी मौत



**ढाका।** बांग्लादेश की सरकार ने सोमवार को पहली बार स्वीकार किया कि आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ छात्रों के हिंसक प्रदर्शन के दौरान देशभर में 150 लोगों की मौत हुई है। हाल में बांग्लादेश में नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए सरकार को सेना बुलानी पड़ी थी।

इस महीने की शुरूआत में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन जल्द ही प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ एक व्यापक आंदोलन में बदल गया। इन हिंसक प्रदर्शनों में पुलिसकर्मियों सहित काफी संख्या में लोग घायल हुए हैं और अहम सरकारी प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाया गया।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में हसीना की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद कैबिनेट सचिव महबूब हुसैन ने मीडिया को बताया, ह्व सरकार ने फैसला किया है कि कल देशव्यापी शोक रखा जाएगाङ्घ लोगों से (हिंसा के दौरान हुई) मौतों पर शोक व्यक्त करने के लिए काले बैज पहनने का आग्रह किया गया है।ह्व उन्होंने कहा कि देश भर की मस्जिदों, मंदिरों, पैगोडा (बौद्ध उपासना स्थल) और गिरजाघरों से अनुरोध किया गया है कि वे दिवंगत लोगों और घायलों के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन करें।

शीर्ष नौकरशाह ने कहा कि गृह मंत्री असद-उज-जमां खान कमाल ने बैठक में समग्र स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट पेश की और देश भर में झड़पों में 150 लोगों की मौत होने की पुष्टि की। यह ऐलान उस दिन किया गया है जब सेना और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां राजधानी ढाका की सड़कों पर गश्त कर रही हैं, और दंगा रोधी उपकरणों से लैस पुलिस भी तैनात है। प्रदर्शनकारी छात्रों के एक गुट ने रविवार रात को विरोध प्रदर्शन के नए दौर का आह्वान किया है।

समूह ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है जबकि उसके छह समन्वयकों ने प्रदर्शन वापस लेने की घोषणा की है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह निर्णय पुलिस हिरासत में दबाव में लिया गया है।

प्रदर्शन से पीछे हटने वाले छह छात्र नेताओं ने रविवार रात मीडिया के सामने कहा कि आरक्षण व्यवस्था पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद सरकार ने उनकी मांगों को मान लिया है।

अदालत के आदेश के अनुरूप सरकार ने एक गजट अधिसूचना जारी की जिसमें कहा गया कि 93 प्रतिशत नौकरियां योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध होंगी।

प्रोथोम एलो अखबार ने 210 मौतें होने की खबर दी है जिनमें से 113 बच्चे शामिल हैं। जान गंवाने वाले अन्य लोगों में ज्यादातर किशोर और युवा हैं। अखबार ने कहा कि अशांति की शुरूआत से लेकर अब तक देश भर में कम से कम नौ हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# यूक्रेन और रूस के साथ भारत संपर्क और बढ़ाएगाः जयशंकर




**तोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले माह यूक्रेन यात्रा की संभावना से पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत आगामी भविष्य में यूक्रेन और रूस के साथ संपर्क और अधिक बढ़ाएगा क्योंकि दोनों पक्षों से बातचीत करने वाले देशों का इस तरह का संपर्क उनके बीच संघर्ष को सुलझाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

जयशंकर ने कहा कि भारत का मानना है कि संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलेगा। विदेश मंत्री ने जापान के राष्ट्रीय प्रेस क्लब में एक चर्चा सत्र के दौरान कहा, हम मानते हैं कि हमें रूस और यूक्रेन में अधिक सक्रिय होना चाहिए। जयशंकर जापान के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

अगले महीने मोदी की संभावित कीव यात्रा की खबरों पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, मैं उम्मीद कर सकता हूं कि हमारे और यूक्रेन के बीच तथा हमारे और रूस के बीच भी और अधिक संपर्क होंगे। विदेश मंत्री ने कोई विशिष्ट उत्तर देने से इनकार करते हुए कहा, हम, किसी भी सरकार की तरह, सही समय पर सही माध्यमों से अपनी स्थिति स्पष्ट करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, आज हमारी भावना यह है कि और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है और हमें संघर्ष की मौजूदा स्थिति जारी रहने को स्वीकार नहीं कर लेना चाहिए तथा यह नहीं कहना चाहिए कि ह्यइसे अपने हिसाब से चलने दें और हमें विश्व के अन्य भागों में होने वाली घटनाओं का इंतजार करना चाहिए ताकि किसी प्रकार का समाधान निकाला जा सके।

जयशंकर ने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह उन देशों के लिए महत्वपूर्ण है जो रूस और यूक्रेन दोनों के संपर्क में हैं, क्योंकि बहुत से देश वास्तव में दोनों पक्षों से बात नहीं कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत का मानना है कि यह महत्वपूर्ण है कि हर कोई वह सब कुछ करे जो वह कर सकता है, ताकि कुछ सुधार हो और चीजें युद्ध के मैदान से निकलकर बातचीत की मेज पर आये।

# नेपाल में ओली सरकार ने प्रदेशों के राज्यपाल से लेकर सचिवों तक के बड़े पैमाने पर किया फेरबदल



**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन बनने के बाद प्रदेश के राज्यपालों को बदलने से लेकर सभी मंत्रालयों के सचिवों तक का तबादला किया है। इसी क्रम में 18 देशों के राजदूतों की नियुक्तियां की गई हैं और पुलिस के आला अधिकारियों के भी तबादले किये गए हैं। प्रधानमंत्री ओली की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक ने माओवादी कोटे से तीन प्रदेशों के राज्यपाल को हटाकर उनके स्थान नए राज्यपालों की नियुक्ति की गई है। सरकार के प्रवक्ता तथा सूचना एवं संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरूंग ने बताया कि बागमती, लुम्बिनी और कणार्ली प्रदेश के राज्यपाल को हटाने का निर्णय करते हुए उनके स्थान पर नई नियुक्ति की गई है। गुरूंग के मुताबिक बागमती में दीपक प्रसाद देवकोटा, लुम्बिनी में कृष्ण बहादुर घर्ती और कणार्ली में यज्ञराज जोशी को राज्यपाल नियुक्त किया गया है। सरकार ने मंत्रालय के सचिवों के भी बड़े पैमाने पर तबादले किये हैं। कैबिनेट की बैठक में 21 मंत्रालय के सचिवों का तबादला होने की जानकारी दी गई है। सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर गृह, वित्त, रक्षा, उद्योग, वाणिज्य, संचार, ऊर्जा, सामान्य प्रशासन सहित कई विभागों के सचिवों को भी बदल दिया गया है।

सरकार ने कल शाम ही 18 देशों के राजदूतों की भी नियुक्ति की है। कैबिनेट ने भारत, अमेरिका, चीन, रूस, यूके, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा सहित 18 देशों के राजदूतों की नियुक्ति की है। इसी तरह सरकार ने माओवादी कोटे में पांच राजदूतों को वापस बुलाने का भी निर्णय किया है। ओली सरकार ने प्रचंड सरकार के समय हुए 11 देशों के राजदूतों की नियुक्ति को रद्द कर दिया है।

## नेपाल में अस्पताल के नाम पर धर्मांतरण का धंधा चलाने वाले भवन पर चला बुलडोजर





**काठमांडू।** कैलाली जिले के धनगढी में अस्पताल चलाने के लिए ली गई जमीन के भवन में चर्च की गतिविधियां चलाये जाने के आरोप में मंगलवार को प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया है। साथ ही प्रशासन ने अस्पताल चलाने की अनुमति लेने वाली संस्था और चर्च की गतिविधि करने वाली संस्था का प्रमाण पत्र खारिज कर दिया है

धनगढी उप महानगरपालिका के मेयर गोपाल हमाल ने बताया कि धनगढी के वार्ड नम्बर 6 में एक जमीन को किराए पर लेकर 'लेट मी इन' नामक संस्था ने स्किन अस्पताल चलाने के लिए भवन का निर्माण किया था। यह कोरिया की संस्था है, जो नेपाल के काठमांडू सहित कई शहरों में स्किन अस्पताल का संचालन करती है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के भवन में बिना इजाजत चर्च की गतिविधि चलाने और उसकी आड़ में धर्मांतरण का धंधा चलाने के आरोप में नेपाल लाइफ वर्ल्ड मिशन नामक ईसाई संस्था का भी प्रमाणपत्र खारिज कर दिया गया है। कुछ दिन पहले ही इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

उन्होंने बताया कि धनगढी में बने इस अस्पताल में इलाज तो नहीं हुआ लेकिन वहां चर्च की गतिविधि होने और धर्मांतरण का धंधा चलाने के आरोप में बुलडोजर चलाया गया है। मेयर गोपी हमाल ने कहा कि पूरी जांच के बाद अवैध काम करने की बात साबित होने पर बुलडोजर चलवाया गया है।

## कमला या ट्रंप किसके हाथ लगेगी सत्ता की चाबी 'प्रीडक्शन प्रोफेसर' ने बताया अमेरिका के अगले राष्ट्रपति का नाम



**वॉशिंगटनः** कुख्यात इलेक्शन फोरकास्ट एलन लिक्टमैन, जिन्हें 'प्रीडक्शन प्रोफेसर भी कहा जाता है. उन्होंने 1984 के बाद से अमेरिका के लगभग हर राष्ट्रपति चुनाव की सटीक भविष्यवाणी की है. लिक्टमैन एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति को लेकर भविष्यवाणी की है. उन्होंने दावा किया है कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस 2024 का चुनाव जीतेंगी.

इससे पहले लिक्टमैन ने 2016 में डोनाल्ड ट्रंप और 2020 में जो बाइडेन की जीत का सही अनुमान लगाया था. उनकी भविष्यवाणियां 'कीज टू द व्हाइट हाउस' नामक एक फॉमूर्ले पर आधारित होती हैं.

**क्या हैं 'कीज टू द व्हाइट हाउस'**

'कीज टू द व्हाइट हाउस' में 13 टू-या-फॉल्स सवाल शामिल हैं, जो उम्मीदवारों की ताकत और कमजोरियों का आकलन करने के लिए डिजाइन किए गए हैं. अगर कोई उम्मीदवार छह या उससे ज्यादा 'कीज' हासिल कर लेता है, तो उसके चुनाव जीतने की भविष्यवाणी की जाती है. इनमें पार्टी मैनडेट, कंटेस्ट, इंकम्बेंसी, थर्ड पार्टी, शॉर्ट-टर्म इकोनॉमी, लॉन्ग टर्म इकोनॉमी, पॉलिसी चेंज, सामाजिक अशांति, घोटाला, विदेशी नीति/सैन्य विफलता, विदेशी/सैन्य सफलता, इंकम्बेंट करिश्मा और चैलेंजर करिश्मा से जुड़े सवाल शामिल हैं.

**कमला हैरिस को 6 कीज**

2024 की शुरूआत में राष्ट्रपति बाइडेन के सत्ता में रहने के कारण डेमोक्रेट्स को ऑटोमैटिकली एक 'की' प्रदान की गई थी. हालांकि, तब से लेकर अब तक राजनीतिक रूप से बहुत कुछ बदल गया है. अगर हम लिक्टमैन के लेटेस्ट आकलन पर जाएं, तो डेमोक्रेटिक पार्टी में सबसे आगे चलने वाली कमला हैरिस के पास वर्तमान में तेरह में से छह कीज हैं. इनमें प्राइमरी कॉन्टेस्ट, शॉर्ट टर्म-इकोनॉमी, लॉन्ग टर्म इकोनॉमी, पॉलिसी चेंज, नो स्कैंडल, और चैलेंजर करिशमा शामिल हैं.

लिक्टमैन ने एक न्यूज चैनल को बताया कि हैरिस के हारने के लिए बहुत कुछ गलत होना होगा. दूसरी ओर, रिपब्लिकन के पास तीन कीज हैं. इनमें 2022 के मध्यावधि चुनावों में सदन में बहुमत हासिल करना, वर्तमान पदधारी का फिर से चुनाव न लड़ना और करिश्मे की कमी शामिल हैं.

**चार कीज निर्धारित होना बाकी**

लिक्टमैन के मुताबिक अभी भी चार कीज निर्धारित की जानी बाकी हैं. इनमें थर्ड पार्टी फैक्टर, सामाजिक अशांति, विदेशी सैन्य विफलता और विदेशी सैन्य सफलता की कुंजी शामिल हैं. यह स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर की दौड़ में उपस्थिति के कारण महत्वपूर्ण है. लिक्टमैन बताते हैं कि उनके फॉमूर्ले के अनुसार अगर डेमोक्रेट्स चुनाव में तीन और कीज खो देते हैं तो उनकी हार हो सकती है.

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी बना दबाव

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर दबाव का माहौल बना हुआ है।

पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार लगातार उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,463.54 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,370.20 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।